जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 119, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 26 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



## फांसी की सजा पर कोर्ट में क्या बोला यासीन मलिक?



**यासीन** के वकील फरहान ने एक इंटरव्यू में बताया कि एनआईए की मांग के बाद कोर्ट ने यासीन मलिक को बोलने के लिए कहा। तब यासीन ने कहा, 'मैं पिछले 28 साल से बिना किसी तरह के हिंसा की राजनीतिक कर रहा हूं। इन 28 सालों में मैं किसी भी हिंसात्मक घटना में शामिल नहीं हुआ। एनआईए कोई भी एक ऐसी घटना बता दे, जिसमें मैं शामिल रहा हूं? मैंने देश के सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है। गुजराल से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक इसमें शामिल हैं। अटल बिहारी वाजपेयी ने ही मुझे पासपोर्ट दिया था। इसके बाद मैं हार्वर्ड गया। मैं हार्वर्ड में भी भारत की तरफ से गया था। वहां मैंने लेक्चर दिया। अगर हिंसा करना ही मेरा काम होता तो मैं हार्वर्ड क्यों जाता? मेरी हमेशा से कोशिश रही कि मैं देश के प्रधानमंत्रियों के साथ मिलकर हालात को सही कर सकूं। मैं महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चल रहा हूं।' आगे यासीन ने कहा, 'सजा पर मैं कुछ नहीं बोलूंगा। जब भी मुझे कहा गया मैंने आत्मसमर्पण किया। अब आपको (कोर्ट) जो भी सजा देनी है, दे दीजिए... मैं कुछ नहीं बोलूंगा। लेकिन ईमानदारी से दीजिएगा।'

## जिसने घाटी को रुलाया... वो खून के आंसू रोएगा...

# यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा

## यासीन मलिक को पाक का मिला सपोर्ट



**यासीन मलिक को पाक का मिला सपोर्ट**

**इस्लामाबादः** जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के सरगना यासीन मलिक को एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में दोषी ठहराया है। कुछ देर में सजा का ऐलान होगा। एनआई ने यासीन के लिए फांसी की सजा की मांग की है, लेकिन पाकिस्तान को यह नागवार गुजर रहा है। पाकिस्तानी नेता यासीन को सियासी कैदी बता रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने यासीन मलिक का समर्थन किया। अफरीदी ने आतंकी का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- भारत अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाने के लिए कोशिश कर रहा है। उसे नाकामी ही हाथ लगेगी। यासीन मलिक पर मनमाने आरोप लगाए जाने से कश्मीर की आजादी के संघर्ष पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मैं संयुक्त राष्ट्र से आग्रह करता हूं कि कश्मीरी नेताओं के खिलाफ चल रहे गैरकानूनी ट्रायल्स में दखल दें।

**तहजीब भूले डिप्लोमैटः** पाकिस्तान के पूर्व डिप्लोमैट और भारत में एम्बेसेडर रह चुके अब्दुल बासित ने भी यासीन मलिक के पक्ष में लिखा। बासित के मुताबिक- यह ज्युडिशियल टेरेरिज्म शर्मनाक है। दुनिया को भारत के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ खड़े हो जाना चाहिए।

**इमरान ने यासीन की सजा को बताया फासीवादी रणनीतिः** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने यासीन मलिक को सजा दिए जाने का विरोध किया है। इमरान ने लिखा- मैं कश्मीरी नेता यासीन मलिक के खिलाफ मोदी सरकार की उस फासीवादी रणनीति की कड़ी निंदा करता हूं, जिसके तहत उन्हें अवैध कारावास से लेकर फर्जी आरोपों में सजा दी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मोदी शासन के राजकीय आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## फांसी से बचा यासीन, एनआईए कोर्ट ने मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई, यासीन लंबे समय से कश्मीर में रहते हुए भारत के खिलाफ साजिश रचता रहा




**नई दिल्लीः** अलगाववादी नेता यासीन मलिक को पटियाला हाउस कोर्ट ने टेरर फंडिंग केस में उम्रकैद का फरमान सुना दिया है। यासीन को एनआईए कोर्ट पहले ही दोषी करार दे चुका था। एडवोकेट उमेश शर्मा ने बताया कि यासीन को दो उम्रकैद, 10 मामलों में 10 साल की जेल और 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ये सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। यासीन पर पाकिस्तान के समर्थन से कश्मीर में आतंकी घटनाओं के लिए फंडिंग करने और आतंकियों को तबाही का सामान मुहैया कराने के केस दर्ज थे।

**दो मामलों में उम्रकैद और 5 में 10-10 लाख का जुर्माना भीः** स्पेशल जज ने यासीन पर आईपीसी धारा 120 बी के तहत 10 साल, 10हजार जुमार्ना, 121ए के तहत 10 साल की सजा 10 हजार जुमार्ना, वहीं 17 यूएपीए के तहत आजीवन कारावास और 10 लाख जुर्माना लगाया गया है। यूएपीए की धारा 13 के तहत 5 साल की सजा, यूएपीए की धारा15 के तहत 10 साल की सजा, यूएपीए की धारा 18 के तहत 10 साल की सजा और 10 हजार जुमार्ना, यूएपीए 20 के तहत 10 साल की सजा और 10 हजार जुर्माना, यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत 5 साल 5 हजार जुर्माना लगाया गया है। सजा से पहले पटियाला हाउस कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। वहीं, श्रीनगर के कई बाजार बंद हो गए और वहां भारी फोर्स तैनात है। सुरक्षा के लिहाज से श्रीनगर और आसपास के इलाकों में मोबाइल और इंटरनेट सर्विस बैन कर दी गई है।

**कोर्ट में सजा पर बहस के दौरान यासीन मलिक बिल्कुल शांत दिखाः** कोर्ट में सजा पर बहस के दौरान यासीन मलिक बिल्कुल शांत दिखा। जब एनआईए ने कोर्ट से यासीन के लिए फांसी की सजा मांगी तो उसके चेहरे पर खौफ आ गया। इसके बाद कोर्ट ने यासीन से अपना पक्ष रखने के लिए कहा। 2017 में यासीन मलिक के खिलाफ एनआईए ने टेरर फंडिंग का मामला दर्ज किया। इसके बाद से पटियाला कोर्ट में इस मामले की लगातार सुनवाई हो रही थी। कोर्ट में एनआईए ने सारे सबूत पेश किए। बताया कि देश में आतंकी घटनाओं को बढ़ावा देने के लिए यासीन मलिक के पास पाकिस्तान समेत दुनिया के कई देशों से पैसा आता था। उन पैसों के जरिए देश में कई बड़ी आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया गया।

## यासीन मलिक के आतंक की हर करतूत



**नई दिल्लीः** टेरर फंडिंग के मामले में यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। एनआईए ने कोर्ट से यासीन मलिक को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की थी। 56 साल का यासीन मलिक लंबे समय से कश्मीर में भारत के खिलाफ साजिश रचता रहा है।

**पिता बस ड्राइवर, बेटे ने घाटी में फैलाया दहशतः** यासीन मलिक का जन्म तीन अप्रैल 1966 को मैसुमा, श्रीनगर में हुआ था। यासीन के पिता गुलाम कादिर मलिक एक सरकारी बस ड्राइवर थे। यासीन की पूरी पढ़ाई-लिखाई श्रीनगर में ही हुई है। उसने श्री प्रताप कॉलेज से ही स्नातक किया है। यासीन मलिक ने एक इंटरव्यू में एक आम छात्र से प्रतिबंधित संगठन जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट का मुखिया बनने तक की कहानी बताई थी। इसमें उनसे दावा किया था कि कश्मीर में सेना का जुल्म देखकर उसने हथियार उठाया। इसके बाद यासीन ने 80 के दशक में 'ताला पार्टी ' का गठन किया था, जिसके चलते उसने घाटी में कई बार आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया था।

## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**वाराणसीः** मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर छिड़े घमासान के बीच प्लेसेज ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रॉविजंस) एक्ट 1991 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने उपासना अधिनियम एक्ट 1991 को चुनौती दी है। उन्होंने पूछा, 'दिल्ली की संसद ने एक ऐसा एक्ट पास किया कि हम काशी और मथुरा के अपने देव स्थानों के लिए दावा नहीं कर सकते हैं। हम दावा क्यों नहीं कर सकते हैं, यह भला कहां का न्याय है'? इसलिए हमने सुप्रीम कोर्ट में प्लेसेज ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रॉविजंस) एक्ट, 1991 यानी उपासना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 और उसकी धाराओं को जनहित याचिका के माध्यम से चैलेंज किया है। हमने मांग की है कि कहीं से भी उपयोगी प्रतीत न होने वाले इस अधिनियम के प्रावधानों से हमें निजात दिलाई जाए। **धर्म पर प्रहार हुआ तो विधेयक लाया गयाः** स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि भारतीय संविधान में धर्म स्वतंत्रता के मूल अधिकार के अंतर्गत जब हमारे धर्म पर प्रहार हुए तो एक विधेयक लाया गया।

### उप्रः कपिल सिब्बल ने राज्यसभा के लिए निदर्लीय तौर पर नामांकन किया

## 'हाथ' छोड़ 'साईकिल' चलाएंगे सिब्बल



**लखनऊः** राज्यसभा के लिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने बुधवार को निदर्लीय तौर पर विधानसभा स्थित पुरूषोत्तम दास टण्डन हॉल में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रोफेसर राम गोपाल यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम मौजूद रहे। नामांकन कराने के बाद कपिल सिब्बल ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हम विपक्ष में रहकर एक मजबूत गठबंधन बनाना चाहते हैं ताकि 2024 में मोदी का विरोध कर सकें। राज्य सभा में लोगों की आवाज उठाऊंगा। मैं कांग्रेस का नेता नहीं हूं। मैं 16 मई को ही कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। मैं पिछली बार भी यूपी से राज्यसभा गया था। समाजवादी पार्टी ने कपिल सिब्बल का समर्थन किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि श्री सिब्बल एक सफल वकील हैं और वह अपनी बात बहुत अच्छे और बेबाकी से रखते हैं। वह कई बड़े-बड़े केसों को लड़े हैं। वह राज्यसभा व लोकसभा के भी सदस्य रहे हैं। राज्यसभा में वह बड़े-बड़े सवालों पर अपनी बात रखेंगे। आगे कहा कि राज्यसभा में जिन-जिन लोगों को भेजना है जल्द ही उसकी सूची जारी कर दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा के लिए उत्तर प्रदेश से 11 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए 24 मई से ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में सपा अभी तीन लोगों को राज्यसभा भेजेगी, जिसमें कपिल सिब्बल, डिंपल यादव और जावेद अली का नाम आया है।

## पटियाला जेल में क्लर्क बने सिद्धू



**चंडीगढ़ः** क्रिकेटर और पॉलिटिशियन रहे नवजोत सिद्धू अब क्लर्क बन गए हैं। पटियाला सेंट्रल जेल में उन्हें क्लेरिकल काम सौंपा गया है। सिद्धू की ड्यूटी जेल के दफ्तर के कामकाज में लगाई गई है। सिद्धू को 34 साल पुराने रोड रेज केस में 1 साल की बामशक्कत कैद हुई है। जेल के भीतर सिद्धू की सुरक्षा भी प्रबंधन के लिए चुनौती है। जिस वजह से उन्हें यह जिम्मा सौंपा गया है।

**बैरक में ही काम करेंगे सिद्धूः** सिद्धू की सुरक्षा को देखते हुए वह जेल दफ्तर का काम बैरक से ही करेंगे। सिद्धू को रोजाना जेल दफ्तर की फाइलें भिजवाई जाएंगी। उनकी ड्यूटी सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगी। इस दौरान वह कभी भी फाइलों का काम कर सकते हैं।

**3 महीने नहीं मिलेगा वेतनः** सिद्धू को अभी काम के बदले कोई वेतन नहीं मिलेगा। सिद्धू को क्लेरिकल का कोई एक्सपीरिएंस नहीं है। ऐसे में अभी वह अकुशल कर्मचारी हैं। 3 महीने बाद उन्हें अर्धकुशल होने पर 30 रुपए प्रतिदिन और फिर कुशल होने पर 90 रुपए दिए जाएंगे।

## हर जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज का होगा निर्माण : नीतीश



**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के 893.60 करोड़ रुपये की लागत के 17 भवनों का उद्घाटन एवं 193.67 करोड़ रुपये की लागत के पांच भवनों का शिलान्यास किया। साथ ही कहा कि हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण होगा, जिसे इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जायेगा। सीएम ने कहा कि पहले बिहार में 17 से 23 वर्ष के 13.9 प्रतिशत बच्चे-बच्चियां उच्च शिक्षा प्राप्त करते थे, जबकि देश में यह आंकड़ा 25 प्रतिशत था। हमने लक्ष्य निर्धारित किया था कि 30 प्रतिशत बच्चे-बच्चियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में यह दर 19.3 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए नए इंस्टीट्यूशन के निर्माण का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि जब हमें 2005 में काम करने का मौका मिला तो हमने तय किया कि सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज बनायेंगे। राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराकर अपने खर्चे पर बीआईटी मेसरा के भवन का निर्माण कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज की बिल्डिंग बनाई जा रही है। कुछ जगह बाकी है, जिसे इस साल के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बात मैं कहना चाहूंगा, हमने तय कर दिया है कि हम किसी चीज को बनायेंगे तो उसका ठीक से मेंटेनेंस करेंगे। जितने भी इंस्टीट्यूशंस हैं, सबका मेंटेनेंस ठीक ढंग से होना चाहिए हम आप से यही आग्रह करेंगे। जो भी संस्थान बनाए जा रहे हैं, उसके लिए शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ की जो आवश्यकता हो, उसकी बहाली कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं खूब मन लगाकर पढ़ाई करें।

## जदयू-भाजपा का गठबंधन अटूट:: आरसीपी



**पटनाः** बिहार की राजनीति में अटकलों का दौर लगातार जारी है। कभी भाजपा-जदयू में मतभेद तो कभी सीएम नीतीश से नाराजगी की अटकलें। लेकिन इन सब के बीच अब केंद्रीय इस्पात मंत्री और नीतीश के खासम-खास जदयू नेता आरसीपी सिंह ने एक बयान देकर सारी अटकलों को खारिज कर दिया है। सीएम नीतीश कुमार और मुझमें कोई मतभेद नहीं है। नामांकन की तारीख 24 से लेकर 31 मई तक है। अभी बहुत दिन बाकी हैं। मैं भविष्य की भविष्यवाणी नहीं कर सकता। मैं जिस भी पद पर बैठूंगा, मैं पूरी मेहनत से काम करूंगा। **जदयू-भाजपा का गठबंधन अगले चुनाव तक नहीं टूटने वालाः** केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा कि जदयू-भाजपा अगले चुनाव होने तक कम से कम 2025 तक गठबंधन चला रहे हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि जदयू-राजद के हाथ मिलाने की अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं। हम एक-दूसरे को दशकों से जानते हैं।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**मऊआइमा।** नशे में धुत युवक के गिर जाने पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चौहान का पूरा (रोझियात)लाल बहादुर 38 वर्ष पुत्र नीमर नशे में धुत था। बताया गया है कि वहगांव से दूर अचानक जमीन पर गिर पडा। जिसे पुलिस अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में उपचार के दौरान लाल बहादुर की मौत हो गई। मऊआइमा पुलिस ने बताया कि वह नशे का लती था। वह आज भी नशे में धुत था। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मामूली बात पर पीटा गया बाइक तोडी गयी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली कहासुनी पर बाइक तोड दी गई और मारा पीटा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी नीतीश कुमार पुत्र राधेश्याम का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मारा पीटा गया और बाइक तोड दी गई। नीतीश कुमार ने मऊआइमा थाने में कलीमुद्दीन उर्फ शहनशाह, उसफान ,लल्लू तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# भूमिधरी और पी डब्लू डी की जमीन का चौथी बार कमीश्नर के आदेश पर मेजा तहसील की टीम ने किया सीमांकन

**छ घंटे चली पैमाइस में दिन भर डटे रहे,एसडीएम मेजा और तहसीलदार तथा पीडब्ल्यूडी एक्सियन तथा सर्किल मेजा के सभी कोतवाल और फोर्स,डटी रही भारी भीड़**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव तहसील की राजस्व टीम के जबमनमानी सीमांकन के विरोध पर मेजा एसडीएम और तहसीलदार नायब तहसीलदार मेजा की राजस्व टीम ने देवघाट स्थित भूमिधरी जमीन और सड़क का सीमांकन किया। जो लगभग छ घन्टे चलती रही। इस मौके पर सर्किल के कई थानों की पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से लेकर जूनियर इंजीनियर तक मौजूद रहे।

**सीमांकन के समय देवघाट चौराहे पर दिन भर भीड़ जमी रही :** देवघाट चौराहे पर भूमिधरी संख्या 1152 और कोरांव देवघाट से ड्रमंड गंज और बड़ोखर जाने वाली सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत कुछ लोगों ने की थी। जिसकी तीन बार कोरांव तहसील कि राजस्व टीम द्वारा सीमांकन किया गया था जिसमें मनमानी का आरोप लगा था। तहसीलदार विशाल शर्मा के नेतृत्व में किए गए सीमांकन का



देवघाट चौराहे पर एसडीएम मेजा के नेतृत्व में सीमांकन करने पहुंची टीम

विरोध कमिश्नर के यहां जिलाध्यक्ष प्रधान संघ सुरेश तिवारी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों का एक प्रतिनिधि मंडल सत्ता के जन प्रतिनिधि के साथ किया गया था। जिस पर कमिश्नर प्रयागराज मंडल ने कोरांव तहसील के स्थान पर मेजा एसडीएम और तहसीलदार के नेतृत्व में चौथी बार सीमांकन कराने का आदेश दिया। जिस पर बुधवार को लगभग 6 घंटे सीमांकन की गई।तहसीलदार की मनमानी रिपोर्ट पर ध्वस्तीकरण का आदेश चौराहे के पूरब तरफ बसे लगभग दो दर्जन दुकानदारों को मिल चुका था। इसी बीच जिला अध्यक्ष प्रधान संघ कमिश्नर से मिला जिस पर किसी भी तरह की कार्यवाही



मौके पर मौजूद भारी पुलिस फोर्स व मौके पर मौजूद भीड़

रोकते हुए चौथी बार सीमांकन का आदेश दिया गया। जिस पर नोटिस पा चुके लोगों को राहत की उम्मीद बधी। कोरांव तहसील दार और उनकी टीम के मनमानी सीमांकन पर अधिकारियों ने उंगली उठाई है ।

**मेजा राजस्व टीम कमिश्नर को देगी रिपोर्ट:** सीमांकन टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडे ने बताया कि वह अपनी टीम द्वारा सीमांकन रिपोर्ट कमिश्नर को देंगे। हालांकि कोरांव तहसील राजस्व कर्मियों की मनमानी सीमांकन पर वह भी आश्चर्यचकित रहे। उन्होंने भी माना की यदि सही सीमांकन और विवाद राजस्व टीम द्वारा निपटाया जाए तो गांव में विवाद की स्थिति नहीं बनेगी।

**नोटिस पाते ही लोग गिराने लगे दुकाने** ;कोरांव तहसील की मनमानी रिपोर्टिंग पर देवघाट चौराहे पर बर्तन की दुकान चला रहे दीपचंद केसरी ने बुलडोजर चलने के डर के कारण पहले ही मकान का छज्जा आदि तोड़ना शुरू कर दिया। जो बुधवार को सीमांकन करने गई टीम के सामने भी जारी रहा।

**क्या कहते हैं पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर :** पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता संजय श्रीवास्तव का कहना था कि उनकी सड़क अतिक्रमण से मुक्त है ऐसी स्थिति में वह किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं करना चाहते। इसी तरह राजस्व टीम में रखे गए राजस्व निरीक्षक रमाकांत पांडे ने कहां की उन्हें टीम में तो रखा गया है लेकिन कुछ राजस्व कर्मी तहसीलदार कोराव के खास है जो उनकी रिपोर्ट को सही ठहराने के लिए 6 घंटे लंबी कसरत कर रहे हैं। यदि सही सीमांकन देखा जाए तो कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण से प्रभावित नहीं होता।

# सीआरपीएफ जवान की बीमारी के चलते मिजोरम में हुई मौत, घर में छाया मातम

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा में डीसीएफ के पूर्व चेयरमैन व एफसीआई सलाहकार के भाई मिजोरम में सीआरपीएफ की 25वीं बटालियन में सिपाही पद पर तैनात थे। सिपाही की बीमारी के चलते हुई मौत से हर किसी की आंखे नम कर गई है। जवान का पैतृक गांव के गंगा घाट नम आंखों के साथ अंतरिम विदाई दी गई।

**मिजोरम में 25 वीं बटालियन में तैनात था सिपाही :** बता दें की मेजा के कनिगड़ा निवासी सतीश कुमार 35 मिजोरम में 25 वीं बटालियन में सिपाही पद पर तैनात थे। सोमवार की शाम बीमारी के चलते मिजोरम में ही उनकी मौत हो गई। जानकारी और सिपाही के भाई डीसीएफ के पूर्व चेयरमैन व एफसीआई सलाहकार चन्द्र मोहन सिंह सहित स्वजनों में कोहराम मचा रहा।

**पूरा क्षेत्र हुआ गमगीन :** वहीं बटालियन टीम द्वारा मंगलवार की शाम शव पैतृक गांव कनिगड़ा लाया गया। शव घर पहुंचतें ही स्वजनों सहित समूचा क्षेत्र गमनींन हो गया। वहीं स्थानीय गंगा घाट पर सिपाही को तहसील प्रसाशन सहित जवानों ने ससम्मान अंतिम सलामी दी। मेजा के नायब तहसीलदार सुलभ तिवारी, मेजा थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सहित भारी भीड़ की मौजूदगी में सिपाही के शव का



सीआरपीएफ जवान की (फाइल फोटो)।

अंतिम संस्कार किया गया। मृतक सिपाही के बड़े भाई धीरेन्द्र सिंह ने मुखाग्नि दिया। एफसीआई सलाहकार मोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि बीमारी की सूचना सतीश ने स्वजनों को फोन पर दिया था। स्वजनों ने छुट्टी लेकर घर आने को कहा था। लेकिन वह घर नहीं आए और इलाज कराकर वहीं रहे। बटालियन टीम द्वारा सोमवार की रात घटना की जानकारी दी गई।

## अनियंत्रित बाइक सवार ने दो महिला मजदूरों को मारी टक्कर, दोनो गंभीर

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथिगनी गांव के पास एक अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने पैदल जा रही दो महिला मजदूरो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रुपसे घायल हो गई। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। घूरपुर क्षेत्र के हथिगनी गांव निवासी गंगा देवी भारतीय 50 वर्ष पत्नी सियाराम व इसी गांव निवासी फूल कली 55 वर्ष पत्नी विनोद कुमार दोनों मनरेगा मजदूर है।

बुधवार की सांयकाल दोनो मजदूरी करके घर वापस जा रहे थे कि घर के समीप दोनों महिला मजदूर पहुंचे ही थे कि अनियत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों महिलाएं सड़क पर छिटक गंभीर से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए जसरा स्थित सी एच सी मे इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया।



## अतिक्रमण को लेकर जारी पुलिस चौकी में बैठक

**जारी।** जारी बाजार में अतिक्रमण को लेकर जारी पुलिस चौकी में आयोजित बैठक में व्यापारी नेताओं ने कहा कि उनका पूर्ण सहयोग इस कार्य में मिलेगा, लेकिन व्यापारियों का नाजायज उत्पीड़न भी नहीं होना चाहिए। बैठक में क्षेत्राधिकारी बारा संतलाल सरोज ने कहा कि शासन के आदेशानुसार कस्बों को अतिक्रमण मुक्त कराने में सभी व्यापारी भाई सहयोग करें। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि अतिक्रमण हटाने का कार्य निष्पक्ष होगा तथा किसी का भी उत्पीड़न नहीं होगा।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी अतिक्रमणकर्ता नही मानता तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी बारा ने कहा कि सड़क किनारे लाइन खींचकर उसके बाहर सामान रखने की किसी को इजाजत नही मिलनी चाहिए। व्यापारियों के साथ ही गरीब ठेला आदि लगाने वालों का भी ध्यान रखा जाए। बैठक में क्षेत्राधिकारी बारा संतलाल सरोज कौंधियारा थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के अलावा जारी चौकी प्रभारी विकास कुमार यादव , व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवराम अग्रहरी मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी ,बबलू केसरवानी ,मनोज वर्मा ,रजनी श्रीवास्तव ,धर्मेंद्र केसरवानी,सुबोध कुमार साहू, सुधीर कुमार साहू, कमलेश मिश्रा, बबलू तय्यब, राजेंद्र केसरवानी उर्फ बबलू ,पप्पू अग्रहरी, शिवराज यादव ,अनीश केसरवानी,आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्री कृष्ण की महिमा का बखान सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर



**सहसों।** श्रीमद् भागवत कथा भक्ति व मुक्ति का मार्ग सुगम करती है। क्षेत्र के कोतारी गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य विनोद माधव जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से भक्ति एवं मुक्ति का मार्ग सुगम होता है। उन्होंने कहा कलयुग में सांसारिक कष्टों से मुक्ति एवं परिवार के कल्याण के लिए हर व्यक्ति को मन की पवित्रता एवं एकाग्रता से कथा का श्रवण करना ही चाहिए। कथा व्यास में कुंती एवं भीष्म की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्ण की महिमा का बखान किया जिससे कथा का श्रवण कर रहे पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त भगवान की महिमा का बखान सुनकर भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने राजा परीक्षित के प्राकट्य का मर्म बताकर लोगों को आनंदित कर दिए। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान विद्वान प्रसाद मिश्र ने व्यास पीठ एवं आवाहित देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य शिवम नंदन त्रिपाठी, सुशील शास्त्री, दीपक शास्त्री, चिंतामणि शुक्ला, पंडित माताफेर मिश्र, चिंतामणि मिश्रा, अशोक कुमार पांडे, आलोक कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित उपस्थित होकर कथा का श्रवण किए।

### ठगी कर दस हजार लेकर हुआ फरार




**लेडियारी।** थाना खीरी अन्तर्गत क्षेत्र के पंवारी गांव निवासी दूधनाथ पुत्र बलीराम जो कि लगभग दो बजे के लगभग बड़ौदा बैंक लेड़ियारी से अपना दस हजार रुपए निकाला और किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ठगी का शिकार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति बैंक में जाकर दस हजार रुपए जैसे ही निकाला वैसे ही एक अनजान व्यक्ति दूधनाथ से बोला कि उसका बहुत जल्दी है जो उसका पैसा लेकर जमा कर दें और अपना पैसा दे दें इतना कहते हुए अपना पैसा देकर और पीड़ित का पैसा लेकर रफूचक्कर हो गया। जब पीड़ित ने उसके पैसों को लेकर देखा तो ऊपर और नीचे सौ सौ की नोट थी बीच में पूरा कागज ही कागज था।

### ऊर्जा संरक्षण में सोलर की उपयोगिता अहम : बृजेश पाठक



**जसरा।** सोलर विद्युत की समय दूर करने के साथ ही पेयजल, सिचाई इत्यादि प्रमुख समस्याओ को भी दूर करता हैं। वर्तमान में सोलर के माध्यम से बड़े -बड़े उद्योग, प्रतिष्ठान आदि संचालित हों रहें हैं उक्त बातें आराध्या फाउंडेशन के कार्यवाहक सचिव बृजेश पाठक मंगलवार को क्षेत्र के बसहरा, तरहार, राम बक्स का पूरा, चिल्ला, सेंधुवार आदि गावों में निःशुल्क सोलर पैनल एवम एल ई डी बल्ब का वितरण के दौरान व्यक्त किये।इस अवसर पर उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोले कि इस सप्ताहांत क्षेत्र के विभिन्न लाभर्थियों के आवेदित सोलर एवम लैपटाप प्रदान कर दिए हैं उन्होंने आमजनों सहित लाभर्थियों से संयम की अपील किया हैं।इकबाल, मीना देवी, राजकली, मंजूषा, पूनम आदिवासी सहित अन्य चालीस से अधिक लोगों को उक्त सामग्री भेंट किया गया।

### राष्ट्र की मजबूत नींव में बेटियां एवम शिक्षा अहम स्तम्भ अभिषेक




**जसरा।** शिक्षा समाज एवम देश में सकारात्मक परिवर्तन के लिए काफी महत्वपूर्ण अस्त्र हैं जिसके सहारे राष्ट्र की उत्तरोतर प्रगति की कामना किया जा सकता हैं। शिक्षा के साथ राष्ट्र की प्रगति में उक्त देश की बेटियों का बहुत बड़ा योगदान हैं। बेटियां जितनी अधिक सशक्त एवम शिक्षित होंगी देश उतनी ही तीव्र गति से विकास करेगा उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधार्थी अभिषेक सिंह पटेल ने पाठय सामग्री वितरण करने के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवम संरक्षण की दिशा में भी लोगों को जागरूक किया।आगे उन्होंने दहेज प्रथा, नशा, बाल विवाह इत्यादि कुरुतियों को खत्म करने की दिशा में भी शिक्षा को आवश्यक हथियार के रूप में भी स्वीकार किये। उक्त अवसर पर मीनाक्षी, नव्या, आकांक्षा, जानहवी सहित 20बेटियों को निःशुल्क पाठय सामग्री भेंट किया गया।

### डॉक्टर नीरज सिंह पटेल ने बांटे लैपटॉप और प्रिंटर



**मेजा रोड।** उरुवा ब्लाक अंतर्गत सीएचसी रामनगर के अधीक्षक ने हेल्प वेलनेस सेंटर को डिजिटल और सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार के उद्देश्य के तहत डॉक्टर नीरज सिंह पटेल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी सी एच ओ को लैपटॉप एवं प्रिंटर प्रदान किया गया एवं सभी सी एच ओ के साथ ही निर्देशित किया गया की हेल्प वेलनेस सेंटर पर सभी इंडिकेटर के तहत लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित करें सी एच ओ अवनीश कुमार पाल सत्यम श्रीवास्तव रिया मिश्रा आकांक्षा माधवी रमेश सुजाता सरकार 1:00 बजे रिंकी साहनी सबको लैपटॉप और प्रिंटर वितरित किया गया डॉक्टर नीरज सिंह पटेल ने अस्पताल में मरीजों को अच्छी सुविधा दी जाए और मरीजों का अच्छा इलाज हो जो भी मरीज अस्पताल में आएं उन्हें अच्छे ढंग से इलाज किया गया और अस्पताल का साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय ।

# खीरी पुलिस पर लगा ओवरलोड ट्रकों के संचालन का आरोप

**पांच ट्रकों को पकड़ कर एक को किया गया सीज, चार छूटे**

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** खीरी थानांतर्गत क्षेत्र के भण्डाफोर चौराहे से नहर की पटरी पर से होकर आए दिन लगातार ओवरलोड ट्रकों का आवागमन देखने को मिलता है। जिसकी शिकायत समाज सेविका पूजा मिश्रा ने इलाकाई थाना एवं तहसील प्रशासन को दी किंतु कार्रवाई के नाम पर कुछ भी देखने को नहीं मिला। पूजा मिश्रा ने इलाकाई पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी मिलीभगत से महिनवारी के दम पर उक्त ओवरलोड वाहनों को भंडाफोड़ चौराहे से होते हुए नहर की पटरी पर से मध्यप्रदेश के लिए निकलवा दिया जाता है। उक्त ट्रकों के आवागमन से नहर की पटरियां गड्ढे में तब्दील होती जा रही है जो आगे चलकर बरसात के दिनों में राहगीरों के लिए दुघर्टना का कारण बनेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीती रात लगभग 12.30 बजे पांच ओवरलोड ट्रकों के गुजरने की सूचना इलाकाई पुलिस को दी जिससे उनको पकड़कर थाने तो ले जाया गया किन्तु जिन चार ट्रकों का महिनवारी मिला करता था उनको अगले दिन सुबह बुधवार को छोड़ दिया गया और एक जिसका पैसा नहीं मिलता था उसको सीज कर अपनी कार्रवाई कर उच्चाधिकारियों से शाबाशी लेने का काम किया गया। बात करें अवैध रूप से चल रहे ओवरलोड वाहनों की तो शासन की तरफ से पूरी मनाही है किन्तु स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन के मिलीभगत से कुछ और ही देखने को मिलता है।

# बाइक न मिलने पर नव विवाहिता को ससुरालियों ने जहर देकर मार डाला

**बहरिया के ग्राम मंशूरपुर की शिवानी की शादी मऊआइमा में 5 मई को हुई थी**

**दामाद सहित तीन के खिलाफ विवाहिता के पिता ने दर्ज कराया दहेज हत्या का मुकदमा**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** शादी के दो सप्ताह के बाद ससुरालियों ने नवविवाहिता से बाइक की मांग करने लगे मांग न पूरी होने पर मुंह दाब कर जहर दे दिया गया एस आर एन में उपचार के दौरान 23 मई की रात नवविवाहिता ने दम तोड दिया। मृतका के पिता ने दामाद सहित तीन के खिलाफ बुधवार को दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम मंशूरपुर निवासी लल्लू राम मौर्या पुत्र शम्भूनाथ मौर्या ने अपनी पुत्री शिवानी की शादी 2 मई को मऊआइमा के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी अजय कुमार मौर्या पुत्र शम्भूनाथ के साथ दो लाख नगदी तथा तमाम तरह के जेवरात भी दिया। लल्लूराम मौर्या का आरोप है कि फोन से उसकी पुत्री शिवानी ने बताया कि ससुराली बाइक की मांग कर रहे हैं। लल्लू राम के अनुसार वह शिवानी के ससुराल जा कर समझाया बावजूद इसके भी दहेज की



मांग निरंतर की जा रही थी। लल्लू राम ने बताया कि 21 मई को ससुराली दहेज में बाइक के लिए तंग कर रहे हैं तथा कह रहे हैं कि यदि बाइक नहीं दिए तो जहर देकर मार डालेंगे। लल्लू राम मोर्या का आरोप है कि 21 मई को उसकी पुत्री शिवानी को ससुराली जहर दे दिए हालत गंभीर होने पर पहले शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां डाक्टरों ने एस आर एन भेज दिया। 23 मई को उपचार के दौरान शिवानी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के और अन्ति संस्कार के बाद बुधवार को मृतका शिवानी के पिता लल्लूराम मौर्या मऊआइमा थाने में शिवानी के पति अजय कुमार मौर्या ,ससुर भोलानाथ मौर्या सास अज्ञात के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

**पत्नी के मौत के गम में पति ने जहर खाया**

मिली जानकारी के अनुसार शिवानी के मौत की सूचना पा कर उसका पति अजय कुमार ने भी जहर खा लिया। सूत्रों द्वारा बताया गया है कि अजय कुमार का प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शिवानी के गम में अजय ने जहर खाया या जेल जाने के खौफ से यह सवाल गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# हाथी घोड़े सहित भव्यता से निकली कलश यात्रा





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पूर्व क्षेत्र के चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में बुधवार को बड़ी ही भव्यता के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली गई। मंगल कलश यात्रा में विद्वान आचार्य कथा व्यास देवव्रत जी महाराज के अगुवाई में मुख्य यजमान शोभा लाल तिवारी, जितेन्द्र कुमार तिवारी, संतोष कुमार तिवारी एवं अशोक कुमार तिवारी ने पवित्र ग्रंथ श्रीमद् भागवत महापुराण को सिर पर रखकर भगवान का नाम जपते हुए चल रहे थे। मंगल कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ कथा स्थल से प्रारंभ होकर बसमहुआ गांव की विभिन्न गलियों, मुहल्लों में होते हुए ललचहां स्थित मां दुर्गा मंदिर में पहुंचकर साष्टांग दंडवत करते हुए पूजा अर्चना के पश्चात वापस पुनः कथा मंडप पर समाप्त हुई। इस दौरान रास्ते भर भक्त ग्रामीण नर नारियों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया तथा आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर मंगल गीत गाते कीर्तन, भजन करती हुई चल रही थीं।

मंगल कलश यात्रा में आधुनिक वाद्य यंत्र के अतिरिक्त हाथी, घोड़ों के साथ क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु श्रोता भक्त भगवान की जय जयकार करते हुए शामिल रहे।

## गोवर्धन पर्वत के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने प्राकृतिक रक्षा का दिया संदेश



**प्रतापपुर।** हरभानपुर, खोजापुर प्रधान एवं यजमान उर्मिला भूलेश्वर नाथ त्रिपाठी के निवास पर आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथा व्यास मदन मोहन महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान श्री कृष्ण के बाल लीला का वर्णन किया।कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल लीला करते हुए इन्द्र का अभिमान भंग किया और गोवर्धन पर्वत की पूजा बृज वासियों को करा कर विश्व को प्रकृति की रक्षा करने का ज्ञान दिया। फिर वृन्दावन आकर पूरे गोपीयो के साथ महारास कर उन्हे सुख दिया। कंस के बुलावे पर मथुरा आए और मथुरा वासी को आनंदित करते हुए कंस की सभा तक आए और मल्ल युद्ध कर कई राक्षसों का संहार किया और अंत मे कंस का वध कर मोक्ष प्रदान किया।कंस के वध करने के बाद पूरे मथुरा मे खुशी की लहर दौड़ गई। भगवान ने कारागार से अपने नाना को मुक्त कराया और मथुरा का राज्य सौंप दिया। भगवान ने गुरु सानदीपनी जी के आश्रम मे विद्या अर्जित की मगध के राजा जरासंध को 17 बार हराया और 18 वीं बार रणक्षेत्र से भागे। जिससे भगवान रणछोड़ कहलाए। अंत मे भगवान श्रीकृष्ण का विवाह रुक्मणी जी के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रमेश तिवारी, दयाराम पांडेय, राजितराम पांडेय, राजू तिवारी, मनोज तिवारी, मानिकचंद, बासुचंद, श्यामसुंदर शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, अमरबहादुर, लालजी यादव, राममूर्ति यादव, रामजी शुक्ला, दिनेश पांडेय, गौरीशंकर शुक्ला, बनारसी शुक्ला, सीताराम मिश्रा, राजाराम मिश्रा, शालिगराम मिश्रा, जगदीश तिवारी, अश्विनी शुक्ला,अरविंद मिश्रा, अरुणेंद्र मिश्रा, श्रीकांत शुक्ला, संजय शुक्ला, हरिमोहन, रमेश, कमलेश गौतम, साहब लाल गौतम, फूलचंद गौतम, लालचंद गौतम, श्यामनारायण शुक्ला, रामचंद्र शुक्ला, बीडी सिंह, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, मिथिलेश तिवारी, संजय मिश्रा, उदयराज यादव, लाल बहादुर यादव, श्री नारायण शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, सचिन तिवारी, विवेक तिवारी, विशाल तिवारी, प्रतिमा मिश्रा, ममता मिश्रा, प्रतिभा, मनोरमा, चिंता देवी, कुसुम देवी, शामली देवी, पूजा तिवारी, काजोल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बगैर सर्वे के राशन कार्ड पर प्रतिबंध उचित नहीं : शाहबाज हक

**करछना।** प्रयागराज सरकार का अचानक राशन कार्ड सरेंडर का निर्णय जल्दबाजी का फैसला है। इसे लागू करने से पहले सरकार को क्षेत्र का सर्वे करा लेना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को राशन कार्ड का लाभ मिल सके । आज राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए सरकारी गल्ले की दुकानों पर भारी भरकम भीड़ लग रही है। बुधवार को समाजवादी पार्टी के युवा नेता शाहबाज हक ने करछना विधानसभा में जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी। शाहबाज हक ने कहा कि सरकार का राशन कार्ड पर प्रतिबंध गरीबों को लाभ दिलाने की दिशा में अच्छा कदम हो सकता है। लेकिन सरकार को यह भी सोचना चाहिए कि गांव और शहर में बहुत ऐसे परिवार हैं जिनके पास पक्के मकान तो है लेकिन कमाई के साधन नहीं है। तथा कुछ अन्य ऐसे भी हैं जिनके पक्के मकान सरकार द्वारा कॉलोनी/ पीएम आवास के रूप में मिले हैं ।

ऐसे परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि सरकार ने राशन कार्ड प्रतिबंध के मानको को ऐसे परिवारों की श्रेणी में रख दिया गया है। जिनके पास भवन तो है लेकिन दो वक्त रोटी जुटाने के लिए साधन नहीं है। हक ने कहा की समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीबों असहाय मजदूरों किसानों को लेकर साथ चलती रही है।

# दोस्ती प्यार फिर मर्डर में सिमट गई प्रेम कहानी

## प्रेमिका के छत पर मिला प्रेमी का शव, पुलिस ने प्रेमिका के पिता को लिया हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**नैनी प्रयागराज।** नैनी में प्रेमी युगल को गोली मारने और युवक की मौत के मामले में पुलिस को जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं। हर बिंदु पर पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। कई लोगों से बातचीत के बाद पुलिस की जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं। हालांकि पुलिस ने लड़की के पिता शिवम मिश्रा को हिरासत में ले लिया है। साथ ही घटना स्थल से बरामद पिस्टल और चार खोखे को कब्जे में ले लिया है। फॉरेंसिक और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट मामले की छानबीन में जुट गए हैं। घटना के मामले में लड़की के पिता शिवम ने थाने में जो तहरीर दी है उसके अनुसार लड़का उनकी लड़की से मिलने के लिए भोर में तीन और चार के बीच घर पहुंचा था। दोनों में क्या बात हुई उन्हें नहीं पता, लेकिन जब गोली चलने की आवाज आई तो वह देखने के लिए छत पर पहुंच गए। वहां लड़की जमीन पर तड़प रही थी, जबकि लड़के की सांसें थम चुकी थीं। लड़की के हाथ में उनका लाइसेंसी पिस्टल था। यह भी आरोप है कि लड़की ने पहले लड़के के सीने में गोली मारी, इसके बाद खुद को भी गोली मारकर खत्म करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी जान बच गई।

**प्रतिदिन मार्निंग वॉक पर निकलता था अरुणय :** पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि लड़के और लड़की में काफी दिनों से दोस्ती थी। दोनों इंस्टाग्राम पर चैटिंग भी करते थे। लड़का रोज भोर में मार्निंग वाक के समय लड़की से बात करता था और अक्सर मिलने भी आता था। चूंकि घर में प्रवेश करने का रास्ता मुख्य गेट से ही संभव है ऐसे में बिना दरवाजा खोले लड़का घर में दाखिल नहीं हो सकता था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गेट किसने खोला या दरवाजा खोलकर ही परिवार के लोग सोए थे, जिससे कि लड़का आसानी से घर में प्रवेश कर गया। दबे जुबान यह भी कहा जा रहा है कि पिता ने लड़की पर दबाव बनाकर लड़के को धोखे से घर पर बुलाया होगा। हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है यह पुलिस की छानबीन पूरी होने के बाद ही पता चल सकेगा। वही नैनी में युवक की हत्या और उसकी गर्लफ्रेंड को गोली मारे जाने के मामले में ऑनर किलिंग की भी बात सामने आ रही है। पुलिस की छानबीन में कई तथ्य सामने आए हैं। पुलिस ने पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि पिता ने ही दोनों को गोली मारी है, जबकि पिता का कहना है कि उनकी लड़की ने उनकी लाइसेंसी पिस्टल चोरी से लेकर घटना को अंजाम दिया है। जब वह छत पर पहुंचे तो लड़की के हाथ में पिस्टल था और वह खून से लथपथ थी। पिता का यह भी कहना है कि घटना से ठीक पहले जब उन्होंने लड़की को जागते देखा तो लड़की ने बताया कि उसके पेट में दर्ज है और वह बाथरूम जा रही है। जिसके बाद वह सो गए।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस फोर्स व पुलिस के अधिकारी तथा इन्सेट में मृतक अरुणय की फाइल फोटो



प्रेमिका के घर में पुलिस की मदद से मृतक प्रेमी का निकाला शव

**घटनास्थल पर पुलिस रही मौजद :** पिता को हिरासत में लेने के बाद घर पर लड़की की मां और उसकी बहन है। पुलिस ने महिला पुलिस तैनात कर दिया है। मामले की छानबीन के लिए कई टीमें मौके पर पहुंची थीं। पिता कांटी में ढाबा चलाते हैं। देर रात वह घर पहुंचे थे और बिस्तर के पास पिस्टल रखकर सो गए, जैसा कि उन्होंने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है।

# मुंबई से कमाई कर घर लौट रहे युवक जहरखुरानी का हुआ शिकार

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मुंबई से कमाई कर घर लौट रहा युवक घर पहुंचने से पहले ही जहरखुरानों का शिकार हो गया। माण्डा थाना क्षेत्र निवासी विशाल शर्मा पुत्र नागराज शर्मा मुंबई में एक कंपनी में कार्यरत है। गत दो दिन पूर्व वह घर के लिए निकला था। बुधवार सुबह वह नैनी स्टेशन उतरकर मांडा के लिए साधन पकड़ा था। जिस साधन से वह चला था, वह जहरखुरानों से संबंधित था। मांडा जाने के बजाय जहरखुरानों ने उसे उरुवा विकास खंड के बगहा गांव के समीप अचेतावस्था में छोड़ दिया था। बगहा प्रधान प्रतिनिधि सितम सिंह ने युवक को स्नान करवाने के पश्चात डाक्टर से ईलाज करवाया। होश में आने पर पीड़ित युवक ने अपना पता बताते हुए बताया कि उसके पास दस हजार रुपए सहित अन्य सामान थे जो गायब है। माण्डा थाना क्षेत्र खास मांडा निवासी विशाल शर्मा मुंबई स्थित एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं। वह दो दिन पूर्व मुंबई से घर के लिए निकला था। प्रयागराज के नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन उतरने के बाद बुधवार दोपहर वह बसे से घर के लिए निकले। इसी दरम्यान वह जहरखुरानी का शिकार हो गए।युवक ने बताया कि बदमाश 10 हजार नकदी सहित कीमती सामानों से भरा बैग ले गए हैं।

होश आने पर वह मेजा में सड़क किनारे पड़ा था। इसके बाद भटकते हुए मांडा पहुचां। जहां माले की सूचना पुलिस के साथ-साथ परिजन को दी गई। सूचना पर पहुचें परिजन उसे घर लेकर चले गए। यह घटना मेजा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# समाजसेवी माता की निधन छतवां गंगा घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरूवा ग्रामपंचायत बरी के निवासी सुशील कुमार मिश्रा डारेक्टर ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल खानपुर (बरी) सिरसा प्रयागराज की माता श्रीमती शिरोमनी मिश्रा (69) वर्ष का मंगलवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। जैसे ही इनकी की जानकारी मिला गांव बरी और आस-पास के समूचे गांवो में शोक की लहर फैल गई। बुधवार को मृत शरीर का अंतिम संस्कार छतवां गंगा घाट पर किया गया। और मृत आत्मा की शांति के लिए कोटेदार प्रतिनिधि विक्की मिश्रा अपने निवास बरी में शोक व्यक्त किया गया। मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।जिसमे मुख्य रूप से रमेश चंद्र मिश्रा, ज्वाला प्रसाद मिश्रा, त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा, गुलाब चन्द्र मिश्रा, अतीस चंद्र मिश्रा (एडोकेट), सुशील मिश्र, नीरज मिश्रा पिंटू, अम्बुज मिश्रा, छोटू मिश्रा और क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



## भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी

**जंघई।** असवां गांव में बाबा मिश्रा के निवास पर पौत्र रत्न शिवांश कबिसा की प्राप्ति पर आयोजित श्री राम कथा में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया भये प्रकट कृपाल दिन दयाला के स्वर गूंज उठे। इसके साथ ही दशरथ नंदन, कौशल्या नंदन रामलला के जयकारों के साथ कथा स्थल झूम उठा। रामकथा के तीसरे दिन साध्वी अन्नपूर्णा माता मैहर ने राम जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने मुनि शतरूपा, जय विजय के साथ नारद चरित्र की कथा भी सुनाई।साध्वी ने कहा की जीवन में विनम्रता होना जरूरी है और जब आप बड़े हो जाते हैं या बड़े लोगों के साथ रहते हैं तो यह और जरूरी है। बड़ा बनाना या ऊंचे पद पर पहुंचना आसान है, लेकिन वहां पर टिके रहना आसान नहीं है। इसके लिए तप चाहिए बड़े आप बने हो तो आप की परीक्षा तो होगी। उन्होंने जीवन में मां की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पिता तो केवल एक अंश देता है, लेकिन मां की भूमिका तो बच्चे के व्यक्तित्व को स्वरूप देती है। मां का स्वभाव उसके संस्कार बच्चे में सबसे ज्यादा आते हैं। नारी का परिचय धैर्य, समर्पण, ममता, वात्सल्य, शील, वीरता, मयार्दा व दोनों कुलों का सम्मान बनाए रखना है यह जीवन में सफल होने का मंत्र है।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विजय शंकर मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, डॉ अशोक कुमार मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, डॉ शैलेन्द्र मिश्र, संदीप मिश्र, प्रदीप, राघवेन्द्र, वीरेंद्र, आशुतोष, अमित, अभिषेक, अनुराग, शिवेंद्र, सुमित, डॉ गौरव, अंशुमान, प्रांजल, प्रत्युष, प्रखर, यश, अभ्युदय, शिवाय, प्रज्ञान, आरव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क की पटरियों पर दुकान लगी तो होगी कार्रवाई



फूलपुर कोतवाली में ब्यापारियों संग बैठक करते क्षेत्राधिकारी

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** कोतवाली परिसर फूलपुर में बुधवार शाम शासन के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर ने व्यापारियों संघ बैठक कर शासन के निर्देश को सुनाते हुए फरमान जारी किया की सड़क पर अनावश्यक रूप अतिक्रमण न किया जाए। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा आदेश दिया गया है की यदि सड़क की पटरियों पर अवैध रूप से दुकानें लगाकर व्यापार किया तो दुकानदार के सामान जप्त करने के साथ ही उनके खिलाफ मुकदमा लिखा जायेगा। उन्होंने कहा की अब पटरी दुकानदारों की खैर नहीं है जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क की पटरियों पर किसी भी प्रकार से दुकानें लगाकर व्यापार करना व जाम लगाना पूर्णतः अवैध है। इसको लेकर सरकार का रुख बहुत सक्त है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी फूलपुर अमित कुमार राय,कस्बा चौकी इंचार्ज विनय कुमार मिश्रा,अर्जुन सिंह,सहित व्यापारी रोहित केसरी,लक्ष्मीकांत मिश्रा उर्फ काका, सत्यम केसरी,बलवंत मौर्य,सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# दास्तान-ए-लैला मजनू' के मंचन से जीवंत हुआ एनसीजेडसीसी का प्रेक्षा गृह

अखंड भारत संदेश

## उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के मंच पर स्वर्ग रंगमंडल द्वारा भव्य प्रस्तुति





**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के मंच पर ₹दास्तान - ए - लैला मजनू ₹ का भव्य मंचन लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की अग्रणी संस्था स्वर्ग रंगमंडल द्वारा किया गया। कलाकार अपने- अपने किरदारों में जब अरबी वेशभूषा के साथ मंच पर उतरे तो लैला मजनू का किरदार जीवंत हो उठा। दृश्य निरूपण भव्य रहा जो दर्शक को निरंतर लुभाता रहा। प्रस्तुति के दौरान प्रेक्षागृह मविन दर्शकों की भारी भीड़ उपस्थित रही, सेट डिजाइन भी उम्दा रहा।

नौटंकी ₹दास्तान - ए - लैला मजनू₹ की जीवंत एवं रसवंती कार्य की दर्शकों के अंतर्मन में रस घोल रहे थे और पारसी नाटकों के उर्दू जबान की चाशनी में पगे संवादों ने समा बांध दिया।कलाकारों के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

₹दास्तान - ए - लैला मजनू₹ की इस शानदार प्रस्तुति का निर्देशन देश के माने जाने रंग निर्देशक एवं लोक कलाविद अतुल यदुवंशी ने किया। मौके पर प्रयागराज के सभी मानिंद, रंग निर्देशक तथा साहित्यकारगण उपस्थित रहे। मंच पर नट - संदीप शुक्ला, नटी - सुजाता केसरी, मजनू - सचिन केसरवानी, लैला - वैष्णवी केसरी, लैला की अम्मी प्रिया मिश्रा, शहर काजी शिवकुमार सरस्वती, शहजादा बख्त एजाज खान एवं तबरेज आर्यन मोहिले ने यादगार भूमिका निभाई। मंच पर सहायक भूमिकाओं में धीरज अग्रवाल, बसंत लाल त्यागी, कृष्ण कुमार मौर्या, श्रेया गुप्ता, शिवानी कश्यप, अनन्या मोहिले, देवेंद्र राजभर, साहिल केसरवानी, अरविंद यादव, हर्ष राजपाल, मोहम्मद साजिद, बचई लाल एवं अन्य ने अपनी भूमिकाओं से न्याय किया। हारमोनियम में दिलीप कुमार गुलशन, ढोलक मोहम्मद साजिद, नक्कारा नगीना, स्वर साधना उस्ताद यासीन नाजा, अलाप शिवम कुशवाहा, बैकग्राउंड संगीत रोशन पांडेय, मल्टीमीडिया सेट द्वारा मनमोहक दृश्य का संचालन अद्वितीय ने किया। इसी तरह वस्त्र विन्यास शिल्पी यदुवंशी, रूप सज्जा मोहम्मद हामिद, प्रकाश संयोजन सुझाया घोषाल का रहा। इस नौटंकी के लेखक लोक कला के शिरोमणि राजकुमार श्रीवास्तव रहे।कार्यक्रम की प्रस्तुति के सहायक निदेशक डॉ सोनम सेठ, शिल्पी यदुवंशी एवं संयोजन कृष्ण कुमार मौर्य का रहा।

# एम्बुलेंस में फिर गूंजी किलकारी

**झूंसी।** 108 एंबुलेंस के पीएमटी बस चालक परिजनों की सहायता से एंबुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है दोनों को सीएचसी बनी में भर्ती कराया गया है। आजाद नगर रेलवे फाटक निवासी ज्योति उम्र 22 साल पत्नी राजू बिंद को अचानक प्रसव पीड़ा प्रारम्भ हो गयी। परिजनों ने 102 एम्बुलेंस को सूचना दी । मौके पर पहुचे 102 एम्बुलेंस के ईएमटी आनंद कुमार और पायलट सुरेश सिंह मरीज को लेकर अस्पताल जाने लगे तभी रास्ते मे ज्योति की प्रसव पीड़ा अचानक बहुत बढ़ गयी और तब ईएमटी आनंद ने पायलट को गाड़ी किनारे लगाने को कहा और फिर ईएमटी ने एम्बुलेंस में ही सफल डिलीवरी कराई ज्योति ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया एम्बुलेंस स्टाफ ने जच्चा और बच्चा दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा बनी में भर्ती करवाया जहा दोनो की हालत एकदम स्वस्थ बताई गई मरीज के घर वालों ने 102 एम्बुलेंस सेवा और स्टाफ की प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।




## कार्यकताओं का हमेशा सम्मान करते थे करवरिया : ब्लॉक प्रमुख

### भाजपाइयों ने मनाया बारा के पूर्व विधायक का जन्मदिन

जसरा। आज बुधवार को ब्लॉक सभागार जसरा में आयोजित पूर्व विधायक बारा के जन्मदिन के मौके पर ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने कहा कि बारा की जनता उदयभान करवरिया को कभी भूल नही सकती वह कार्यकर्ताओ के लिए हमेशा खड़े रहे जहा भी जरूरत पड़ी कोई भी उनके यहां से निराश होकर नही लौटा कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलामंत्री कमलेश त्रिपाठी ने उनके 53वे जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि विधायक जी सदैव कार्यकर्ताओ के लिए आदर्श रहेंगे बारा की जनता उनको भुला नही सकती जन्मदिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन मंडल महामंत्री भूपेंद्र पाठक ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से परमेश्वर बौद्ध, श्यामा कांत मिश्रा, दारा सिंह पटेल, सतेंद्र प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी, बच्चा मालवी, प्रीतम केसरवानी, पवन द्ववेदी, धर्मेंद्र द्ववेदी, अरुण मालवीय, भानु मिश्रा, आशीष सोनकर, रामजी, अर्जुन, अशोक तिवारी, मेलाराम, उदित मिश्रा, अमित भारतीय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिना जांच प्रिंसिपल को डिमोट करने का आदेश रद्द

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विभागीय अधिकारियों पर लगाया 50 हजार रुपए का हर्जाना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नियमानुसार जांच किए बगैर प्रभारी प्रधानाध्यापक को पदावनत कर मूल वेतन पर भेजने के आदेश को गैरकानूनी करार देते हुए रद्द कर दिया है। साथ ही अध्यापक को उनके सभी बकाया वेतन व एरियर का भुगतान छह सप्ताह में करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर 50 हजार हजार्ने की रकम का भुगतान छह सप्ताह में नहीं हो जाता तो साढ़े सात प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान करना होगा और सरकार चाहे तो ब्याज की रकम की वसूली जिम्मेदार अधिकारियों से कर सकती है।

**बीएसए के आदेश को कोर्ट ने अवैधानिक करार दिया :** यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ ने हाथरस के प्रदीप कुमार पुंडीर की याचिका स्वीकार करते हुए दिया है। याची के अधिवक्ता का कहना था कि बेसिक शिक्षा अधिकारी हाथरस ने याची के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी। याची को पदावनत करते हुए मूल पद और मूल वेतन पर भेज दिया गया था। याची ने इसके खिलाफ सचिव बेसिक शिक्षा प्रयागराज के समक्ष अपील दाखिल की।सचिव ने भी बीएसए के आदेश को सही ठहराते हुए याची की अपील खारिज कर दी। इस पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने अधिकारियों से याची के खिलाफ की गई जांच की रिपोर्ट तलब की तो बताया गया कि कोई जांच नहीं की गई है और न ही कोई रिपोर्ट उपलब्ध है।कोर्ट का कहना था कि याची के खिलाफ कार्यवाही यूपी बेसिक एजुकेशन टीचर सर्विस रूल 1973 और यूपी गवर्नमेंट सर्विस (डिसिप्लिन एंड अपील रूल्स 1999) के नियमों के तहत की जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया इसलिए बीएसए का आदेश अवैधानिक है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाई सजा,पब्लिक प्लेस पर हफ्ते भर राहगीरों को पिलाओ पानी और शरबत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपी को जमानत देते हुए एक अनोखा फैसला सुनाया है। हापुड़ के सिंभावली थाने में दर्ज मुकदमे में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। कोर्ट ने आरोपी को मई–जून 2022 में अपनी पसंद की तारीख और समय पर हापुड़ जिले की किसी सार्वजनिक जगह पर राहगीरों और प्यासे यात्रियों को एक सप्ताह तक शरबत पिलाने को आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले में डीएम और एसपी को भी मदद करने के लिए कहा है। यह आदेश जस्टिस अजय भनोट ने नवाब की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए दिया है।

**निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश :** सिंभवाली थाने में नवाब के खिलाफ यूपी विधानसभा चुनाव के समय सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने समेत अन्य आरोपों में 11 मार्च को मुकदमा दर्ज हुआ था। जिला अदालत ने याची की जमानत अर्जी खारिज कर दी। याची ने अपनी जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। याची नवाब की ओर से तर्क दिया गया, चुनाव परिणाम आने के बाद राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच विवाद हो गया। नारेबाजी के बाद लोग आक्रोशित हुए और विवाद अचानक हिंसक हो गया, लेकिन इसमें मेरा कोई दोष नहीं है। मुझे फंसाया गया है।नवाब के तर्कों से सहमत होते हुए कोर्ट ने कहा कि याची जमानत का हकदार है। कोर्ट ने शर्तों के साथ याची को व्यक्तिगत मुचलके के साथ रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही याची को सार्वजनिक जगह पर राहगीरों और यात्रियों को पानी और शरबत पिलाने का आदेश दिया। कहा कि याची के अधिवक्ता भी उस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

**गंगा जमुनी तहजीब रस्म नहीं, बल्कि एक आत्मशक्ति है :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब बातचीत में मनाई जाने वाली रस्म नहीं है, बल्कि वास्तव में यह एक आत्मशक्ति है, जिसे आचरण में लाना चाहिए। गंगा जमुनी तहजीब संस्कृति मतभेदों को सहन करने मात्र नहीं है, बल्कि विविधता का हार्दिक आलिंगन है। कोर्ट ने अपने आदेश में अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रॉबट्र्स और वारेन के कथनों को भी बयां किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि हिंसा की घटनाएं समाज में असंतोष फैलाती हैं जो कानून के शासन के साथ असंगत हैं। **हिंसा की घटनाएं समाज में असंतोष फैलाती हैं :** कोर्ट ने कहा कि कानून अपना काम करेगा और अपराधियों को न्याय का सामना करना पड़ेगा। सांप्रदायिक हिंसा से शांतिभंग होती है और समाज में दरार आती है। समस्या से निपटने के लिए कानून और अदालत ही एकमात्र साधन नहीं हैं। समाज के सभी वर्गों को सभी नागरिकों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने और शांति के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभाना होगा।

## डाक्टर ए के शुक्ला बने महानगर चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**नैनी।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश महामन्त्री डाक्टर विभूकान्त कुशवाहा ने प्रयागराज महानगर विश्व हिन्दू महासंघ चिकित्सा प्रकोष्ठ हेतु डाक्टर ए के शुक्ला को अध्यक्ष तथा डाक्टर पी सी केशरी को प्रभारी मनोनीत किया है।यह जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू महासंघ प्रयागराज मण्डल के प्रभारी राम प्रसाद यादव ने बताया कि डाक्टर विजय कुमार मिश्रा महामन्त्री व डाक्टर आर पी सिंह कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।वही डाक्टर एस एन दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डाक्टर सरोज योगी, डाक्टर जितेन्द्र कुमार प्रजापति, डाक्टर राजा राम आनन्द, डाक्टर एम डी दुबे, डाक्टर रमेश चन्द्रा, डाक्टर सूर्यनाथ प्रजापति उपाध्यक्ष, डाक्टर शशि शुक्ला, डाक्टर निर्मला पाण्डेय, डाक्टर धीरेन्द्र कुमार मिश्रा,डाक्टर अभिषेक कनौजिया, व डाक्टर राजेश प्रसाद त्रिपाठी को मन्त्री मनोनीत किया गया है।उपरोक्त मनोनयन मुख्य रुप से चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर सुशील कुमार सिन्हा, डाक्टर रमा सिंह आनन्द ठण्डन, जितेन्द्र बजरंगी, अरुण कुशवाहा, अतुल खन्ना, डाक्टर ओम प्रकाश सेठ, राजकुमार केशरवानी, धीरज शर्मा, कुलदीप केशरवानी, रोशनी अग्रवाल,सुनीता चोपड़ा, शिखा खन्ना, विकास चन्द्र त्रिपाठी, सर्वेश शर्मा, अम्बर पाण्डेय, अंकुर टण्डन, मीनू पाण्डेय, स्वारिका भारद्वाज,आदि ने बधाई दी है।

## लापता बेटी ने फोन कर मां से मांगी मदद

**प्रयागराज।** कीडगंज से एक किशोरी गायब हो गई है। उसने फोन करके अपनी मां से मदद मांगी है। फोन पर बताया कि उसे मारा पीटा जा रहा है। किशोरी की मां ने कीडगंज थाने में राज सरोज नाम के युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 18 मई से लापता है। 21 मई को कॉल करके बिटिया रोने लगी। बताया कि राज उसे बहुत मार रहा है। पुलिस कॉल डिटेल की मदद से छानबीन कर रही है।

# राशन कार्डों को वापस लेने को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राशन कार्डों को वापस करने तथा अपात्र लोगों से लिये गए राशन की वसूली के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल उ0प्र0 को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। विधान सभा सदर से चुनाव लड़े प्रत्याशी डॉ0 नीरज त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल ने किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि राशन कार्डों को सरेंडर कराने व लिए गए राशन की वसूली कराने से अच्छे दिनों का वादा एवं गरीबों का हितैषी बनने के दावे की पोल खुल गयी है। डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार लगातार गरीबों का उपहास एवं अपमान कर उन्हें प्रताड़ित कर रही है। राशन देकर फिर वसूली करना गरीबों की गरीबी का मजाक उड़ाने जैसा कृत्य है। उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा कानून के खिलाफ है, इसे तत्काल रोका जाना चाहिए और गरीबों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल ने कहा कि सरकार का यह कदम घोर निराशा जनक है। इस अवसर पर वेदान्त तिवारी, रोहित शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, यमुना पांडेय, मो0 इश्तियाक, योगेश यादव, दिलीप गौतम, श्याम शंकर तिवारी, मो0 रसीद, अनिल मौर्य, रेखा, जमाल, बेलाल अहमद, इरशाद, मो0 इबरार, मोनू मिश्र, अवधराज यादव, विश्वास सिंह, कालीचरण सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



एसडीएम सदर को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी।

# 11551 दीपों से मां सई गंगा की होगी महाआरती

### 9 जून को मनाया जाएगा गंगा दशहरा महोत्सव



गंगा दशहरा महोत्सव समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव समिति की एक बैठक मां बेल्हा देवी धाम में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 9 जून को गंगा दशहरा मनाये जाने पर सहमति बनी। बैठक में यह तय किया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा और सभी घाटों को 11551 दीपों से प्रकाशमय कर माँ सई गंगा की भव्य महाआरती होगी और गंगा अवतरण की भव्य झांकी एवं भजन संध्या का कार्यक्रम भक्तों के लिए आयोजित होगा। अध्यक्षता कर रहे मुन्ना भैया ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। मंदिर की सजावट फूलों व विद्युत झालरों से सजाकर भव्यता प्रदान करने के लिए सभी लोग लग जाए। इस अवसर पर व्यवस्थापक राजा पंडा व संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने पूरी कार्ययोजना अध्यक्ष जी के सामने प्रस्तुत की और कहा कि मां बेल्हा देवी की कृपा होगी महोत्सव इस वर्ष और भव्य आयोजित करने की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर शैलेंद्र नाथ मित्र, संतोष कुमार, छेदीलाल, सुरेश अग्रवाल, रघु पंडा, मनोज पंडा, मोनू पंडा, पंकज पटवा, प्रमोद, इंद्रेश, पवन, जीतलाल, डिंपल, विवेक कुमार, अनूप सिंह आदि बैठक में अपने अपने विचार रखे।

# नवयुवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर शव फेंका

### रानीगंज क्षेत्र के नरसिंहगढ़ पुल के पास मिला नग्न शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/रानीगंज।** रानीगंज थाना क्षेत्र के नरसिंह गांव में एक पुल के पास मंगलवार की रात 22 वर्षीय युवक सलमान की धारदार हथियारों से हत्या कर शव को नग्न अवस्था में फेंक दिया गया था। सलमान के पूरे शरीर में गंभीर घाव के निशान देखे गये। इस नृशंस हत्या के बाद शव की पहचान को छिपाने के लिये इसके कपडे. भी उतार दिये गये थे। जब गांव के लोग वहां पहुंचे तो हमलावर फरार हो गये। क्षेत्र में युवक की आशनाई के कारण हत्या की चर्चा रही। घटना स्थल से 150 मीटर दूर एक अज्ञात बाइक मिली है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक सलमान पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गड़ौरी गांव का रहने वाला था। मंगलवार की रात वह मानधाता थाना क्षेत्र के तौकलपुर में अपनी मौसी के घर एक निमंत्रण में गया था। रास्ते में ही हमलावरों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। रानीगंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। वह मृतक की पहचान करने के बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

# तालाबों में जलभराव को लेकर नहीं उठाया गया है कोई कदम, पशु-पक्षी और मवेशी बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी में इंसान छोड़िए पशु-पक्षी भी प्यास से व्याकुल हैं। इंसान तो खुद के लिए इंतजाम कर लेते हैं। असहाय पशु पक्षी क्या करें। तालाबों को मनरेगा के तहत खोदा गया था। अधिकांश खाली हैं। जिन तालाबों के पास नहर है। उनमें तो पानी नहर से से भर दिया जाएगा। शेष को बारिश होने तक अभी खाली ही रहना होगा।

तालाब और पोखरों के सूखा होने से पशु-पक्षियों को संकट झेलना पड़ रहा है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा ब्लाक क्षेत्र में तालाब पानी का अभाव होने से सूखे हैं। ग्रामसभा भी बजट का प्रावधान नहीं होने से इनको भरवा नहीं रही हैं। नहर और माइनर समीप होने के बाद भी तालाब भरवाने के इंतजाम नहीं हुए हैं। आसपुर देवसरा ब्लॉक के गांव पूरे दलपत शाह, धौरहरा, सिंहपुर, अकारीपुर, कबीरपुर, विक्रम पट्टी, गोदल पट्टी, सेमराडीह, रामपुर बावरिया, ढाढ़र, भाटी, पर्वत पुर, दलापुर, धनेपुर, विझला, बेहटा आदि गांव में सैकड़ों की संख्या में तालाब है। तालाबों के अस्तित्व और सुंदरीकरण के नाम पर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के तहत पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। आज अधिकतर तालाब खुद प्यासे हैं।

इस सम्बंध में खंड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा आलोक कुमार पांडेय से बात करने पर उन्होंने बताया किबक्षेत्र में कई तालाब सूख चुके हैं। जिन तालाब के आसपास नहर है। उन तालाबों में पानी भरने का कार्य किया जा रहा है। जिस तालाब के पास नहर नहीं है। उनमें पानी नहीं रखा जा सकता। क्योंकि ट्यूबवेल से अगर पानी निकाल के तलाब भरा जाए तो पानी का स्टेटस नीचे चला जाएगा।



क्षेत्र में सूखे पड़े तालाब।

# आलापुर नवाबगंज चौराहा पर अतिक्रमण से लोगों को परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे मार्ग पर पड़ने वाले नवाबगज चैराहा व आलापुर चैराहा कब अतिक्रमण से खाली होगा। जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शासन प्रशासन को सख्त निर्देश दिया है कि राजमार्ग व हाइवे पर पड़ने वाले चैराहों को डग्गामारी व अतिक्रमण से मुक्त कराया जाय लेकिन अभी तक चैराहों को अतिक्रमण से खाली नही कराया गया। नवाबगज चैराहा व आलापुर मानिकपुर चौराहा अभी तक डग्गामारी व अतिक्रमण के चपेट में फंसा हुआ है। चैराहों पर खुलेआम डग्गामार वाहन सवारियां को अपनी गाड़ी में बैठाने के लिये अतिक्रमण किये हुए है। जब कि चैराहे पर सम्बंधित थाने की पुलिस की गाड़ी हूटर बजाती हुई गुजरती है लेकिन डग्गामारी कर रहे वाहनों को टोकना मुनासिब नही समझ रही है। अब देखना है कि सम्बंधित थाने की जिम्मेदार थाना प्रभारी कब तक चैराहे को अतिक्रमण से मुक्त कराएंगे या फिर कुण्डली मारकर चुप चाप बैठ जायेंगे। ये तो समय आने पर मालूम होगा।

# रोजगार मेले में 45 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में ब्राइट फ्यूचर्स ऑर्गेनिक एण्ड हर्बल्स लिमिटेड तथा अपोलो होम हेल्थकेयर लिमिटेड कम्पनियों ने विभिन्न पदों/रिक्तियों के लिये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया।

ब्राइट फ्यूचर्स ने 30 अभ्यर्थियों का चयन किया तो वही अपोलो होम हेल्थकेयर द्वारा नैनीकेयर, होमकेयर, ए0एन0एम0, जी0एन0एम0, बीएससी नर्सिंग पदो हेतु 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है तथा समय की अनुउपलब्धता के कारण शेष अभ्यर्थियों का इण्टरव्यू 30 मई को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी सहित शुभम श्रीवास्तव, प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी, संत लाल पाल एवं तौहीद अहमद मौजूद रहे।



रोजगार मेले में जुटी अंभ्यर्थियों की भीड़।

# मुख्य विकास अधिकारी बनाए गये नोडल अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 31 मई को प्रधानमंत्री द्वारा 15 योजनाओं के लाभार्थियों क्रमशः प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी दोनो), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहीर दोनो), जल जीवन मिशन और अमृत, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से वर्चुअल तरीके से संवाद करेगें। कार्यक्रम की महत्ता एवं प्रचार प्रसार के दृष्टिगत 26 से 30 मई तक प्री-इवेन्ट गतिविधियॉ तथा 31 मई को राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं 01 जून से 05 जून तक पोस्ट-इवेन्ट आयोजित किये जायेगें।

# बदहाल अवस्था में सीएचसी का मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लेने आज मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक हरीश सक्सेना अचानक उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा गुलाब सिंह पहुंचे। यहां उन्होंने सब सेंटर, वैलनेस सेंटर तथा टीकाकरण आदि का निरीक्षण किया और विस्तृत जानकारी भी लिया। मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रबंधक ने गांव में चल रहे टीकाकरण कैंप का भी स्थलीय निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में अधूरे पड़े वैलनेस सेंटर का निरीक्षण भी किया। इस वैलनेस सेंटर का निर्माण करीब 3 वर्ष पूर्व स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा प्रारम्भ किया गया था किंतु अभी तक भवन का निर्माण अधूरा ही पड़ा है। डॉक्टर आवास भी खस्ता हालत में है। स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बना आवास भी खाली रहता है सुविधाओं के अभाव में स्वास्थ्य कर्मी चिकित्सालय परिसर में रात्रि निवास नहीं कर पाते। चिकित्सालय परिसर में वर्षों पूर्व बनी पानी की टंकी सिर्फ नुमाइशी बनकर रह गई है।





बदहाल अवस्था में पड़ा अतिरिक्त पीएचसी कटरा गुलाब सिंह।

# जलवायु मित्र ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का होगा आयोजनः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन के शमन एवं अनुकूलन सम्बन्धी कार्यो की गति प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश क्लाइमेट चेंज ऐक्शन प्लान का निरूपण एवं क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा है। जलवायु सम्बन्धी दुष्प्रभावों को न्यून किये जाने हेतु ग्राम पंचायतों की अग्रणी भूमिका होगी।

जिसके दृष्टिगत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्तर से सम्पूर्ण प्रदेश के अन्तर्गत जलवायु परिवर्तन कार्यो को ग्राम पंचायतों के स्तर पर प्रारम्भ कराये जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। उन्होने बताया है कि जलवायु परिवर्तन के शमन एवं अनुकूलन सम्बन्धी उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को चिन्हित किये जाने के उद्देश्य से जलवायु मित्र ग्राम पंचायत प्रतियोगिता-2022 आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से जनपद में एक-एक जलवायु मित्र ग्राम पंचायत का चयन किया जायेगा तथा इन चयनित ग्राम पंचायतों को ह्यह्यक्लाइमेट स्मार्टह्लह्ल ग्राम पंचायतों के रूप में विकसित किये जाने हेतु वृहद कार्ययोजना निरूपित करायी जायेगी। चयनित ग्राम पंचायतों को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जाना प्रस्तावित है। जलवायु मित्र ग्राम पंचायत प्रतियोगिता-2022 का आयोजन आनलाइन के माध्यम से आयोजित करायी जा रही है जिसकी अन्तिम तिथि 29 मई 2022 है। प्रतियोगिता हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे है।

# अब नागरिकों को मुफ्त वाटर एटीएम से मिलेगा पानी

### पहले एक रुपये में एक लीटर मिलता रहा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के नागरिको को अब वाटर एटीएम से मुफ्त पानी मिलेगा। पहले एक लीटर पानी के लिये एक रुपये देना पड़ता था, लेकिन अब आरओ का ठंडा पानी नगर पालिका ने मुफ्त मुहैया कराने का निर्णय लिया है।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने बताया कि इस समय अभी तक 10 वाटर एटीएम चालू हैं जहां मुफ्त ठंडा पानी नागरिकों को दिया जा रहा है। इस बारे मं पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बताया कि दस वाटर एटीएम ठीक कराकर चालू कर दिया गया है। पांच और वाटर एटीएम को ठीक कराने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने बताया कि वाटर एटीएम में चारी होने से गर्मी से पहले सभी 15 वाटर एटीएम खराब थे जिसमें से दस को फिर से ठीक करा दिया गया है। शेष पांच के लिये सामान मंगाया जा रहा है। सामान मिलते ही वह भी चालू हो जाएंगे।



नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह

# सराहनीय योगदान करने वाले सहयोगदाताओं को किया जायेगा सम्मानितः डीएम

### गोवंश आश्रय स्थलों में गोवंश के भरण-पोषण हेतु सहयोग करें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतागपढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि गोवंश हमारी सांस्कृतिक विरासत और भारतीय समाज में पवित्रता का प्रतीक है गोवंश से सर्वसमाज को एक ओर दूध के रूप में पौष्टिक आहार प्राप्त होता है, वहीं दूसरी ओर गाय के गोबर से उपली तथा फसलोत्पादन हेतु देशी खादी प्राप्त होती है। गोवंश की महत्ता के दृष्टिगत गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होने बताया है कि गोवंश के संरक्षण हेतु शासन स्तर से जारी दिशा निर्देश के अनुक्रम में जनपद के विभिन्न स्थलों पर निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल संचालित किये जा रहे है और इनके भरण-पोषण हेतु प्रति गोवंश प्रतिदिन 30 रुपए की दर से शासकीय अनुदान भी प्राप्त हो रहा है। गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण की व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है किन्तु गोवंशों के और बेहतर संरक्षण एवं भरण पोषण के लिये इन गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चारा, दाना आदि की वर्ष भर उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद के सभी गोवंश आश्रय स्थलों में भूसा बैंक की स्थापना की जा रही है। इसमें सर्व समाज की स्वैच्छिक भागीदारी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण हेतु अपने निकटतम गोवंश आश्रय स्थलों में स्वेच्छा से भूसा/चूनी-चोकर अथवा हरे चारे का दान देकर गोवंश सरंक्षण में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें। इस सराहनीय योगदान से जहां एक ओर गोवंश के बेहतर संरक्षण में सहयता मिलेगी, वहीं दूसरी ओर गोवंश संरक्षण में जनसहभागिता की भावना भी बलवती होगी। जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय योगदान करने वाले सहयोगदाताओं को सम्मानित भी किया जायेगा। सहयोगदाता सहयोग देने हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मोबाईल नम्बर 7376411629 से सम्पर्क कर सकते है।

# 10 जून तक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा रुपए 76.50 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जा सकता है। उन्होने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कराये जाने हेतु 10 जून 2022 निर्धारित की गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सम्बन्धित विकास खण्ड, नगर पालिका, नगर निकाय में अपना पंजीकरण करायें जिससे सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न कराया जा सके।

## हज यात्रियों का पांच जून तक टीकाकरण होगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया है कि हज-2022 की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को मेनिनजाइटिस, सीजनल इन्फलूएन्जा वैक्सीन का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण पांच जून तक कराया जायेगा। जनपद में हज यात्रियों की संख्या 104 है। हज यात्रियों के टीकाकरण/प्रशिक्षण हेतु मदरसा बाजे असहब बरई कुण्डा व मस्जिद नूरी सदर कोतवाली के पीछे स्कूल वार्ड को प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है जिसमें टेज्नर्स को नामित कर दिया गया है। टेज्नर्स हेतु मौलाना इमामुद्दीन, रियाजुल हसन कासमी व सरदार अली को नामित किया गया है।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देश पर क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाये रखने व चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी के निर्देश पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपने हम राही के साथ थाना क्षेत्र के अस्थान नहर पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था मे खड़े युवक की तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जीवित कारतूस बरामद किया पुलिस के पूछने पर अपना नाम सुरेश पटेल पुत्र माता प्रसाद पटेल निवासी कुम्हारन का पुरवा अस्थान बताया लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 को

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, माननीय उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद के अध्यक्ष/सचिव को दिनांक 29 मई को आरबीटेज्शन विशेष लोक अदालत को आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। सचिव ने कहा है कि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशन में दिनांक 29 मई को पूर्वान्ह 10 बजे आरबीटेज्शन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिये प्रत्येक थाना, तहसील, ब्लाक के प्रचार प्रसार हेतु सूचना प्रेषित की जा रही है कि वह अधिक से अधिक आरबीटेज्शन वादों का निस्तारण आयोजित विशेष लोक अदालत में करायें। उन्होने कहा है कि जिन वादकारियों के मुकदमें आरबीटेज्शन के है वह 29 मई को विशेष लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है।

## खबर संक्षेप

### 26 मई को होगा पोषण पाठशाला का आयोजन

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार राज्य पोषण मिशन के अर्न्तगत जनपद के सभी 1775 आगनबाड़ी केन्द्रों पर 26 मई 2022 को मध्यान्ह 12 बजे से 02 बजे तक पोषण पाठशाला का आयोजन किया जायेंगा जिसमे जनपद के सभी आगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को आगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से राज्य पोषण मिशन द्वारा प्रदत्त लिंक से प्रदेश स्तर पर संचालित किये जा रहें पोषण पाठशाला को वर्चुअल दिखाया जायेगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता ने देते हुए बताया कि पोषण पाठशाला के आयोजन का उद्देश्य लाभार्थियों को पोषण के विभिन्न स्तर की जानकारी प्रदान करना तथा पोषण के स्तर में सुधार हेतु विभिन्न विकल्प को अपनाये जाने के लिए लाभार्थियो को प्रेरित करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम की मुख्य थीम ह्लशीघ्र स्तनपान-केवल स्तनपानह्व हैं तथा पोषण पाठशाला मे विभागीय अधिकारियो के साथ ही विषय विशेषज्ञो द्वारा शीघ्र स्तनपान केवल स्तनपान की आवश्यकता, महत्व, उपयोगिता आदि के सम्बन्ध मे हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जायेगी तथा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियो व अन्य द्वारा पूछें जाने वाले प्रश्नो का उत्तर दिया जायेंगा।

# मासूम बालिका के साथ रेप दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीन पुर गांव में मंगलवार की देर शाम एक मासूम बालिका उम्र लगभग 11 वर्ष घर के बाहर खेल रही थी इसी बीच दलित बिरादरी का एक दरिंदा बालिका को बहला-फुसलाकर घर से दूर खेत की ओर ले गया तब तक अंधेरा हो चुका था अंधेरे का फायदा उठाकर दरिंदे ने बालिका के हाथ बांध दिए और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा बालिका के चीखने चिल्लाने पर आसपास से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए उन्होंने बालक को दौड़ाया ग्रामीणों के ललकारने पर मासूम बालिका को छोड़कर अर्धनग्न हालत में दरिंदा भाग खड़ा हुआ मामले की सूचना मिलते ही बालिका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मासूम बालिका के साथ हुई घटना की जानकारी करारी थाना पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद करारी थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है बताया जाता है कि आरोपी युवक गांजा पीने का शौकीन है और गांजे के नशा में उसने मासूम के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है युवक की उम्र लगभग 20 साल बताई जाती है युवक रोजी-रोटी के चक्कर में गांव से दूर किसी बड़े शहर में रहता था जहां उसे शहर की हवा लग गई है एक सप्ताह पूर्व युवक अपने गांव वापस लौटा है जहां उसने मासूम बालिका के साथ रेप की घटना को अंजाम दे दिया है बलात्कार के बाद पीड़ित बालिका का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है

**पीड़ित बालिका का चल रहा है जिला अस्पताल में इलाज**



## ट्रेन के आगे कूद कर अधेड़ ने किया आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पूरब गांव के एक अधेड़ ने गरीबी और पारिवारिक कलह से आजिज आकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया है घटना बुधवार की सुबह लगभग 9:00 बजे की है मामले की सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की मौत की जानकारी मिलने पर घड़ियाली आंसू बहाते उसकी पत्नी और परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पूरब गांव निवासी चन्दर राजपूत उम्र 55 वर्ष लगभग का अपनी पत्नी से आए दिन विवाद होता है इस बात की जानकारी पूरे गांव के लोगों को है मंगलवार की रात्रि भी दोनों के बीच जबरदस्त विवाद हुआ था आसपास के लोगों ने भी विवाद सुना था बुधवार सुबह उठते ही फिर पत्नी से चन्दर का विवाद होने लगा बार-बार पत्नी की प्रताड़ना से चन्दर ऊब गया और उसने आत्महत्या की ठान ली पारिवारिक कलह से ऊबकर चन्दर सुबह 7:00 बजे घर से निकला और सीधा कशिया के आगे हाबड़ा दिल्ली रेल लाइन पर पहुंचा तेज गति से आती ट्रेन को देखकर अधेड़ ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी जिससे चन्दर के चिथड़े उड़ गए हैं अधेड़ की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाले परिजनों पर अभी तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की है।



रेल लाइन पर लाश की जानकारी मिलने पर मौके पहुंचे ग्रामीण

### पीएम किसाना सम्मान निधि के लाभार्थी अवश्य कराएं ई-केवाईसी

**31 मई तक ई-केवाईसी न होने की दशा में 11वीं व आगामी किस्तें रूक जायेंगी**

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम ने जनपद के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थी कृषकों से अनुरोध किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के भुगतान की धनराशि पीएम किसान के पोर्टल पर फीड बैंक खाते के स्थान पर न होकर आधार की फीडिंग के आधार पर होगा उन्होंने समस्त पात्र लाभार्थीगणों से कहा है कि माह अप्रैल, 2022 से जुलाई 2022 की आने वाली 11वीं किस्त प्राप्त करने हेतु सबसे पहले अपने नजदीकी आधार संशोधन केन्द्रों में जाकर अपने आधार को मोबाइल नंबर से जुड़वायें, इसके पश्चात सहज जन सेवा केन्द्र सीएससी सेन्टर पर जाकर पीएम किसान योजनान्तर्गत ई-केवाईसी करायें उन्होने बताया है कि जिन लाभार्थी कृषकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया जायेंगा उनको प्राप्त होने वाली 11वीं किश्त व अन्य आने वाली समस्त किश्तें भारत सरकार द्वारा रोक दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं लाभार्थी का होगा उप कृषि निदेशक ने बताया है कि अभी तक जनपद के 2 लाख 11 हजार 877 पात्र लाभार्थी कृषकों में से 1 लाख 6 हजार 644 कृषकों द्वारा ई-केवाईसी कराया गया है जबकी 1 लाख 5 हजार 233 कृषकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि सभी किसान 31 मई 2022 के पहले ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें।

# ठेला लगाने वालों के लिए स्थान चिन्हित कर उसे करें विकसित : डीएम

अखंड भारत संदेश

**जिलाधिकारी ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक**



व्यापारियों को संबोधित करते डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ उदयन सभागार में सड़क सुरक्षा नगरीय सुविधाओं के विकास तथा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के सम्बन्ध में बैठक की बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर सहयोग लेकर नगरीय क्षेत्र के सड़कों पर हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया जाय। उन्होंने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे भी व्यापारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण हटाये जाने के कार्य में व्यापारियों का सहयोग लेकर स्वयं उनसे अतिक्रमण हटाने के लिए अनुरोध किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन दुकानों के बाहर ग्राहकों की गाड़ियॉ अधिक संख्या में खड़ी होती हैं, उन दुकानों के स्वामी अपने एक कर्मचारी को नियुक्त कर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ी करवायें। उन्होंने सभी ईओ को निर्देशित किया कि ठेला लगाने वालों के लिए स्थान चिन्हित करें एवं उस स्थान को विकसित कर वहॉ पर ठेला लगवायें। इसके साथ ही उन्होंने सभी ईओ को अपने-अपने नगर पालिका/पंचायत में वाहनों को खड़ी करने हेतु पार्किंग स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने सभी ईओ को मानक के अनुसार स्ट्रीट लाइट लगाने तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिये उन्होंने ईओ मंझनपुर को तिरंगा लाइट लगाने के भी निर्देश के साथ ही मंझनपुर में कराये जा रहे नालों के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने तथा नालों की सफाई के दौरान निकाले गये कूड़े के उठान कराने के निर्देश दिये उन्होंने ईओ सिराथू से कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने पाये अवैध कब्जा होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी ईओ एवं व्यापारियों से कहा कि प्रतिबन्धित पॉलीथीन प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए व्यापारियों को जागरूक किया जाय तथा उन्हें चेतावनी दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दुकानों पर प्रतिबन्धित पॉलीथीन प्लास्टिक पाये जाने पर उसे जब्त कर लिया जाय। उन्होंने सभी ईओ को ऑटो टैम्पो स्टैण्ड को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा व्यापारीगण रमेश अग्रहरि प्रवेश केसरवानी विपिन केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहें।

### ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराये जाने हेतु आवेदन आमन्त्रित किया गया हैं। यह जानकारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 28 मई 2022 तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकतें हैं।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 मई को

**आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण किया जायेंगा**

**कौशाम्बी।** सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा समय-समय पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाता है इसी की श्रृंखला में 29 मई 2022 रविवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया जायेंगा यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि विशेष लोक अदालत में आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण किया जाना है उन्होंने जनसामान्य को सूचित किया है कि जिनके मामले आरबीट्रेशन से सम्बन्धित निष्पादन वाद न्यायालय में लम्बित हों वे अपने वाद विशेष लोक अदालत में लगवाकर 29 मई को जनपद न्यायालय में उपस्थित होकर अपने-अपने लम्बित आरबीट्रेशन वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## न्यूज झरोखा

### हनुमान जी की मूर्ति तोड़े जाने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक चायल



**कौशाम्बी।** पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता को लखनऊ प्रवास के दौरान बुधवार की सुबह सूचना प्राप्त हुई की चायल तहसील के रसूलपुर ब्यूर ग्राम में सैकड़ों वर्ष पुरानी एक सार्वजनिक मंदिर में अराजक तत्वों द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा तोड़ दी गयी है । सूचना प्राप्त होते ही लखनऊ के समस्त कार्य स्थगित करते हुए पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने अपने विधानसभा चायल के रसूलपुर ब्यूर गॉंव पहुंच कर प्रशासन के साथ स्थिति का जायजा लेते हुए अज्ञात अराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया साथ ही मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी चायल व क्षेत्राधिकारी चायल को निर्देशित किया कि तत्काल अराजक तत्वों को खोज कर जेल के सलाखों के भीतर पहुंचाया जाय। पूर्व विधायक ने कहा मुझे यह अमन चैन बिगाड़ने की साजिश प्रतीत होती है मैं इस प्रकरण पर पूरी नजर रखते हुये जल्द से जल्द खुलासा हेतु प्रशासन पर पूरा दबाव बना कर रखूंगा। इस मौके पर गांव के सुमित द्विवेदी, विमलेश पांडे, हनुमान प्रसाद द्विवेदी, धीरेंद्र हेल, बजरंग निषाद, केसरी दिवाकर, अनिल शुक्ला सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अराजक तत्वों ने तोड़ दी हनुमान जी की मूर्ति

**कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री के गृह जनपद मे हिंदू धर्म की बात की करने वाली सरकार के सामने चायल विधान सभा क्षेत्र के एक गांव में भगवान हनुमान जी की मूर्ति को अराजक तत्वों ने बीती रात तोड़ दिया है हनुमान जी की मूर्ति तोड़ दिए जाने से हिंदू समाज के साथ-साथ हिंदु युवा वाहिनी के लोगो मे आक्रोश व्याप्त है चायल विधान सभा के नेवादा ब्लाक अंतर्गत रसूलपूर ब्यूर मे बीती रात्रि मे प्राचीन मंदिर के अंदर जाकर अराजतत्वो ने हनुमान जी महाराज की मूर्ति को तोड़ दिया है बुधवार की सुबह गांव के लोग जब पूजा करने मंदिर गए तों हनुमान जी की मूर्ति टूटी पड़ी थी जैसे ही मूर्ति तोड़े जाने की बात गांव में पहुंची लोगों में आक्रोश पनप गया है हिंदू युवा वाहिनी ने कहा कि जिला प्रशासन इस मामले को संज्ञान मे लेकर आरोपी को पकड़कर हिरासत मे लें हिंदु युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष योगी दुर्गेश चौरसिया ने जिला प्रसाशन से बात कर कार्यवाही की मॉंग की।

### आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी



**कौशाम्बी।** प्रदेश की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीति है कि आम लोगों को त्वरित समस्याओं से निदान मिले यही नहीं कानून व्यवस्था में भी पुलिस अधिकारी तेजी लाएं, जिससे अपराधों में कमी लाई जा सके। उक्त बातें बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बोलते हुए पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कही। इस मौके पर लगभग एक दर्जन से अधिक मामले आए जिन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई और निदान के लिए कहा। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से कहा कि वह जहां भी समस्या हो उस विषय में सीधे पार्टी के जिम्मेदारों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में लोगों के समस्याओं के सीधे समाधान के लिए जनसुनवाई जैसी एक कार्यक्रम पार्टी फोरम से शुरू किया है। बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी के साथ सह पदाधिकारी के रुप में कमल सिंह कुशवाहा व ओम नारायण शुक्ल रहे। उन्होंने कहा कि यह वह कार्यक्रम है जिससे पार्टी की जिम्मेदार पदाधिकारी लोगों की समस्याओं को पार्टी फोरम के जरिए अधिकारी तक पहुंचा सके। जिससे आम लोगों को उनकी समस्याओं से जल्द से जल्द निदान मिल सके। इस मौके पर टेवा के रविंद्र प्रकाश, महेंद्र से दीनानाथ लोधी उमरा से सुधा देवी और सुरेंद्र कुमार सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा, जिसके लिए पार्टी जिलाध्यक्ष द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कहा गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ओम नारायण शुक्ला, कमल कुशवाहा, दिलीप अग्रहरी वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी, अखिलेश मिश्र, नरेंद्र सिंह पटेल प्रकाश दुबे, राजकरन, हरेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र कुमार सहित दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्कूली छात्राओं ने वाहन चालकों को बताए दुर्घटना रोकने के टिप्स

**कौशाम्बी।** स्कूली छात्राएं दुर्घटना रोकने के लिए सड़क पर उतर आई हैं और उन्होंने वाहन चालकों को रोककर दुर्घटना रोकने के टिप्स बताए हैं सड़क पर दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को रोककर स्कूल की छात्राओं ने उन्हें दुर्घटना रोकने के टिप्स बताते हुए कहा कि दुर्घटना हो जाने के बाद पूरा परिवार बिखर जाता है इसलिए हर हाल में दुर्घटना को रोकना है छात्राओं ने कहा कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं जान को जोखिम में ना डालें अब बड़ा सवाल है कि सरकार के निर्देश पर जिस विभाग के अधिकारियों को दुर्घटना रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है वह पूरी तरह से अपने उद्देश्य में असफल हो चुके हैं स्कूल की छात्राओं को भविष्य बनाने के लिए उन्हें पढ़ाई करने की जरूरत है लेकिन सरकार के निर्देश पर स्कूली छात्राओं को दुर्घटना रोकने की जिम्मेदारी दी गई है दुर्घटना रोकने की जिम्मेदारी में लगे अधिकारियों के लिए इससे बड़े शर्मनाक क्या बात होगी कि उनकी जिम्मेदारी को स्कूली छात्राएं कर रही हैं श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर में प्रधानाचार्य चुन्नीलाल सरोज के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन स्कूली छात्र छात्राओं ने किया है सड़क सुरक्षा के अंतर्गत विद्यालय के स्काउट एवं गाइड ओसा चौराहा पर खड़े होकर मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों को सड़क सुरक्षा के संबंध में हैंड बिल वितरण करके जानकारी प्रदान किया तथा स्काउट गाइड के बिना हेलमेट लगाए हुए वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट लगाने तथा बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहनों के लोगों को सीट बेल्ट लगाने के लिए सुझाव दिया।



यातायात की जानकारी देने सड़क पर निकली छात्राएं

# केपीएस भरवारी के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित हुआ माइंड डेवलपमेंट प्रोग्राम

**रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन द्वारा समर कैंप के माध्यम से 50 नए छात्र छात्राओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

अखंड भारत संदेश



विद्यालय के प्रोग्राम में मौजूद छात्र और शिक्षक

**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन के माध्यम से भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एक नया इतिहास रचने की ओर अग्रसर है। यहां माइंड डेवलपमेंट प्रोग्राम जो कि बच्चों के हितार्थ आयोजित हो रहा है। इसमें बच्चों का मानसिक विकास करके उनके अंदर अलौकिक शक्ति जागृत करने का एक सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास को सार्थक करने में संस्थान के चेयरमैन व पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता अपना पूर्ण सहयोग कर रहे हैं और हमारी पुरातन एवं सनातन संस्कृति को पुनः स्थापित करने में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

वास्तविकता में इस समर कैंप के माध्यम से 50 नए छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसके लिए फाउंडेशन की ओर से बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ आवास एवं भोजन भी दिया जा रहा है। यह कहने में जरा भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आगे आने वाले समय में यही प्रशिक्षित छात्र एवं छात्राएं अलौकिक शक्तियों का अर्जन करेंगे और समाज के विकास में अपनी महती भूमिका का निर्वाहन करेंगे कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज जो कि इस जिले का सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है और हमेशा से अपने बोर्ड के रिजल्ट और परसेंटेज को लेकर के जिले में अपना नंबर एक स्थान स्थापित करता रहा है, इस प्रकार की पहल का आयोजन केंद्र बन रहा है। इन सबके माध्यम से आज समाज अपनी खोई हुई संस्कृति को पुनः स्थापित करने में सफल होगा। संस्थान के छात्र और छात्राएं बड़े उत्साह के साथ इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षक श्री अनुराग ने बताया कि बच्चों को योगा और मेडिटेशन के माध्यम से क्वांटम स्पीड रीडिंग करवा करके बच्चों के मस्तिष्क को विकसित किया जाता है जिसकी वजह से बच्चों की आंखों में पट्टी बांधकर किसी भी पुस्तक को मात्र 10 मिनट के अंदर पढ़ा और याद भी किया जा सकता है। आंख बंद करके कोई भी एक्टिविटी की जा सकती है जैसे साइकिलिंग, राइडिंग, शूटिंग, कुकिंग, डांस, स्विमिंग, मार्शल आर्ट इत्यादि। ध्यान के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कोई भी भाषा को उसी टोन में सीख सकता है पढ़ सकता है लिख सकता है बोल सकता है। इस विद्या का उपयोग हम युद्धकला, शिल्पकला में भी कर सकते हैं इसका शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा पवार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या विजय चौहान,मयंक मिश्रा, अनुपमा जयसवाल, रत्नाकर शर्मा, प्रशिक्षक अनुराग उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर सकिपा ने किया सिराथू तहसील में प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**नारेबाजी करते हुए पार्टी कार्यकताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**



प्रदर्शन करते हैं समर्थ किसान पार्टी नेता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में तमाम जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को सिराथू तहसील में प्रदर्शन किया गया और तहसीलदार सिराथू के माध्यम से प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई और तत्काल सभी समस्यायों के समाधान के लिए आवाज उठाई गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिराथू तहसील परिसर में समर्थ किसान पार्टी के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता इकठ्ठा हुए और सिराथू क्षेत्र की तमाम जनसमस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि सिराथू क्षेत्र की जनता बिजली, पानी से परेशान है और लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं जबकि शासन प्रशासन के लोग खामोश हैं। आलम यह है कि एक ओर जहां नहरों में पानी नहीं आ रहा है वहीं दूसरी ओर बिजली की कटौती से लोग भारी परेशान हैं और रात रात भर जागकर सुबह कर रहे हैं। इसी तरह गांवो, मजरों एवं कस्बों के तालाबों में पानी नहीं भरवाया गया जिससे जीव जंतु और आम लोग परेशान हैं और पानी के अभाव में दर दर भटक रहे हैं। आगे कहा कि जल्द ही इन समस्यायों का समाधान नहीं किया गया तो समर्थ किसान पार्टी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को विवश होगी। इसके बाद नारेबाजी करते हुए अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी कार्यकताओं ने सिराथू तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और तहसीलदार सिराथू को मुख्यमंत्री को संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में रामगंगा नहर, करारी माइनर समेत सभी सुखी नहरों में पानी चालू किए जाने, अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों को निजात दिलाने हेतु विद्युत कटौती तत्काल बंद करने, तालाबों में पानी भराने, गौशालाओं में चारे पानी एवं जानवरों के देखरेख के लिए समुचित व्यवस्था करने एवं राशन की दुकानों से प्रति माह दो लीटर प्रति परिवार को आवंटित किए जाने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए तहसीलदार सिराथू ने सभी समस्यायों के जल्द समाधान कराने की बात कही है। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र केसरवानी, एड दिलीप तिवारी, राम मूरत तिवारी, आदित्य तिवारी, परिहार लोधी, महेश केसरवानी, छोटेलाल प्रधान, धीरेन्द्र दुबे, रामू कोरी, शंकर सोनकर, अब्बास अहमद, शफीक अहमद, जुम्मन अली, सोनी मौर्य, संगीता देवी आदि मौजूद रहे।

### पूर्वमंत्री की दुकान से 17 हजार रुपए उठा ले गए चोर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी कस्बे में पूर्व मंत्री की दुकान से दिनदहाड़े 17 हजार रुपए चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना पूर्व मंत्री के मैनेजर ने पुलिस को दी है सैनी में सानू ट्रेडर्स के नाम से सरिया व लोहा की पूर्वमंत्री मतेश चन्द्र सोनकर ने दुकान खोल रखी है दुकान का कार्य मैनेजर देखता है दुकान के मैनेजर ने सैनी पुलिस को दिए गए तहरीर के हवाले से दुकान में चोरी का आरोप लगा कर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कस्बे के रहने वाले पूर्वमंत्री मतेश चन्द्र सोनकर ने सैनी में सानू ट्रेडर्स के नाम से सरिया व लोहा की दुकान खोल रखी है दुकान में गनपा गांव के मजरा चकिया निवासी राधेश्याम पुत्र सत्यनारायण मैनेजर है दुकान मैनेजर राधेश्याम ने सैनी पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि मंगलवार की दोपहर दुकान के बगल में स्थित पूर्वमंत्री के आवास के अंदर पानी पीने के लिए चला गया जब वापस लौटा तो दुकान का कैश काउंटर खुला हुआ था उसका ताला टूटा था दुकान मैनेजर ने पुलिस को बताया कि काउंटर की जांच की तो उसमें रखे लगभग 17 हजार रुपये गायब थे मैनेजर ने मामले की जानकारी फोन पर पूर्वमंत्री को दी जिसके बाद मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सड़कों पर वाहनों को न खड़ा करें : थानाध्यक्ष



वाहन चालकों के साथ बैठक करते थानेदार

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सड़क की पटरियों पर और सड़क पर वाहन खड़ा करके सवारी भरने के मामले को लेकर शासन के दबाव पर थाना पुलिस भी गंभीर है इसी क्रम में कड़ा धाम थाना पुलिस ने अल्फा वाहन चालकों के साथ बैठक कर साफ शब्दों में वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने का निर्देश दिया है कड़ाधाम थाना परिसर में बुधवार को थानाध्यक्ष चन्द्र भूषण मौर्या की अगुवाई में अल्फा चालकों की एक बैठक आहूत की गई।जिसमें मौजूद अल्फा चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमो की जानकारी देते हुए उसके पालन की बात कही गई।थानाध्यक्ष ने मौजूद अल्फा चालको को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बेवजह रोड पर वाहनों को न खड़ा न करें निर्धारित स्थान पर ही अपने वाहनों को खड़ा करें और यातायात के नियमो का कड़ाई के साथ पालन करें। बैठक के दौरान थानेदारों ने वाहन चालकों से कहा कि नियमो की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने वाहन चालकों को अल्टीमेटम दिया है।

# संपादकीय

## मुस्कराना खूबसूरत जिंदगी का इम्यूनिटी बूस्टर!

**कुदरत** नें इस खूबसूरत सृष्टि रूपी कायनात में एक खूबसूरत प्राणी मनुष्य की रचना कर 84 लाख जीवों से अलग एक विशेष कलाकृति बुद्धि का सृजन मानव शरीर में समाहित किया ताकि उस के बल पर अन्य जीवों से अति उत्तम जीव बन कर रहे! वैसे तो मानव शरीर की संरचना के अंग हर दूसरे प्राणियों में भी होते हैं पर बुद्धि अपेक्षाकृत सर्वश्रेष्ठ होती है! जिसका उपयोग हम सकारात्मकता से अपने अपने क्षेत्रों और अपने शरीर को स्वस्थ, निरोगी काया बनाने में करने की विचारधारा को रेखांकित करना होगा! साथियों बात अगर हम अपने शरीर के स्वस्थ एवं निरोगी रखने की करें तो उसके अनेक तरीकों में से एक हंसना और मुस्कुराना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है जिसका उपयोग करने से हमारे स्वास्थ्य पर बहुत अधिक फायदा होता है यह स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा भी कहा गया है परंतु वह हंसना मुस्कुराना असली होना चाहिए! इसीलिए बड़ों की तुलना में बच्चे ज्यादा खुश रहते है, ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हम मुस्कुराना भूल जाते हैं। बच्चे हम बड़ों की तुलना में 10 गुना ज्यादा मुस्कुराते हैं। आमतौर पर बच्चे एक दिन में करीब 400 बाद मुस्कुराते और हँसते हैं, वहीं हम एडल्ट लोग सिर्फ 40 से 50 बार ही मुस्कुराते हैं? असली मुस्कान में आंखों के नीचे की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं। जबकि झूठी स्माइल हमारे होंठों के आसपास की मांसपेशियों के इस्तेमाल से ही आती है। जब स्माइल असली होती है, हमारे दिमाग में न्यूरोनल सिग्नल्स चेहरे की मसल्स को एक्टिवेट कर देते हैं। असली मुस्कान में हमारा दिमाग हमारे चेहरे को बताता है कि हमें मुस्कुराना है। साथियों बात अगर हम मुस्कान और हंसी की करें तो, मुस्कान एक चेहरे की अभिव्यक्ति है जो तब होती है जब हम खुश और प्रसन्न होते हैं, लेकिन मुस्कान की शक्ति हमारे विचार से कहीं अधिक मजबूत होती है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य और कल्याण को लाभ पहुंचाता है, बल्कि यह हमारे आस-पास के लोगों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। कहावत सच है - मुस्कान वास्तव में संक्रामक होती है । एक मुस्कान बहुत आगे तक जा सकती है और यह हमारे सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव डालती है। हम अधिक मिलनसार, हो जाते हैं और लोग हमारे आस-पास सहज महसूस करते हैं। मुस्कुराना कोई कठिन कार्य नहीं है, परंतु फिर भी हमको कम ही लोग ऐसे दिखेंगे जो हर वक्त खुश दिखते हैं या मुस्कुराते रहते हैं, ये वो लोग है जिनके अंदर खुशी का संचार चौबीस घंटे ही बना रहता है, जिनको तनाव वाली स्थितियां अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पाती, क्योंकि खुशी उनके व्यक्तित्व का एक अहम हिस्सा बन जाती है जिसको बदलना इतना आसान नहीं, ऐसे व्यक्तित्व के आस पास भी हम रहेंगे तो खुशी ही महसूस करते हैं।

साथियों बात अगर हम मुस्कान को जिंदगी का इम्यूनिटी बूस्टर होने की करें तो, मुस्कुराने से हमारी मांसपेशियों को शांत करने में मदद मिलती है और हमको आराम का एहसास होता है। एक मुस्कान चिंता से बचने में मदद कर सकती है और इसलिए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार कर सकती है। एक मुस्कान एंडोर्फिन जारी करती है और मानसिक परिश्रम को बढ़ाती है। यह तनाव को कम करता है और हमारे दिमाग को सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर ले जाता है।

# सियासत में भ्रष्टाचार ! आप का कठोर प्रहार..!!

-ऋतुपर्ण दवे

**भारतीय इतिहास में दूसरी बार एक मुख्यमंत्री ने सीधे अपने मंत्री पर कार्रवाई की। इससे पहले साल 2015 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपने एक मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में हटा चुके हैं उन्होंने खाद्य आपूर्ति मंत्री आसिम अहमद खान को बरखास्त कर सीबीआई जाँच तक करवा दी। उन पर 6 लाख रुपयों की घूस का आरोप था। अपनी जीरो टॉलरेन्स पार्टी का हवाला देकर सितम्बर 2016 में भी केजरीवाल ने महिला एवँ बाल विकास मंत्री संदीप कुमार को एक कथित आपत्तिजनक सीडी उजागर होने के बाद बरखास्त किया था।**




ब इसे शुक्राना कहें या नजराना, धन्यवाद या फिर रिश्वत कोई शक नहीं कि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उससे मुक्ति की आशा आम आदमी को एक सपने जैसे लगती है। लेकिन बीच-बीच में कोई घटना (यही कहना बेहतर होगा) उम्मीद की लौ बुझने नहीं देती है। लगने लगता है कि कभी न कभी तो इससे निजात मिलेगा? ऐसा ही कुछ भरोसा पंजाब के सेहत मंत्री डॉ. विजय सिंगला की बरखास्तगी और गिरफ्तारी के बाद सींखचों के पीछे पहुँचा देने से बुझी-बुझी सी आस के बीच देश में बरकरार जरूर है। क्या कह सकते हैं कि यह बर्खास्तगी एक ट्रेलर है और पूरी फिल्म अभी बांकी है?

सवाल फिर वही कि आखिर कब तक सिस्टम के रूप में भले ही बेमन से भ्रष्टाचार को स्वीकारा जाता रहेगा? बातें तो खूब होती हैं परन्तु धरातल पर सच्चाई अलग दिखती है। ऐसे में अगर कहीं कोई उदाहरण सामने आ जाए तो जबरदस्त राहत देती नई लकीर बनती है। स्वाभाविक है किसी सरकार की तरफ से कोई कठोर कदम उठाया जाता है तो सबका ध्यान बरबस खिंच जाता है और इस पर बिना लाग लपेट प्रतिक्रियाएँ भी स्वाभाविक हैं। भगवन्त मान न केवल देश के दूसरे मुख्यमंत्री बन गए बल्कि पहले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी उसी पार्टी से हैं। अब पंजाब की सरहद से बाहर यह मसला पूरे देश और दुनिया में जबरदस्त सुर्खियों में है और लोग आश्चर्य, अविश्वास के साथ बहुत बड़े नैतिक कदम के रूप में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की कमर पर प्रहार भी मान रहे हैं। फिलाहाल तो पंजाब में जैसे हर कहीं सनाका खिंच गया है, लोगों को विश्वास तक नहीं हो रहा है और तो और सत्ताधारी दल के लोग, नुमाइन्दें और नौकरशाह बुरी तरह डरे हुए हैं। विरोधियों की गत समझी जा सकती है। बस देखना यही है कि तमाम राजनीतिक नफा-नुकसान के हिसाब-किताब से इतर उठाया गया यह दुस्साहसी कदम 2022 का अकेला उदाहरण बनकर रह जाता है या आगे भी भ्रष्टाचार में गले तक डूबे तक सिस्टम पर जारी रहेगा?

आम आदमी पार्टी शायद ऐसे उदाहरणों को लेकर चचाओं में बनी रहती है। हो सकता है उसका शगल हो लेकिन नैतिकता व ईमानदारी के नाम पर उठाया गया यह कदम लोगों को तो खूब भा रहा है। हाँ, पंजाब की नई-नई सरकार के नए सेहत मंत्री को महज 62 दिनों में ही एक झटके में सबूतों के बिना पर बरखास्त कर गिरफ्तार करवा देना कोई आसान काम नहीं था। बड़ी इच्छा शक्ति और जबरदस्त कशमकश के बाद काफी सोच, समझकर लिया गया फैसला होगा। लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि देश में शासन-प्रशासन में सुधार और राहत को लेकर आम आदमी की अभी उम्मीदों की लौ बुझी नहीं है। एक छोटे से दल से ही हुई शुरूआत का बीज खूब फले-फूले। फिलाहाल यह सुकून की बात है।

भारत में भ्रष्टाचार पर अनवरत चचाओं का सिलसिला और विरोध में आन्दोलनों की बाढ़ अनवरत चलती रहती है। लेकिन क्या इस पर कभी काबू पाया जा सका? उत्तर को लेकर कोई निरुत्तर नहीं है, सब जानते हैं कि नहीं। दरअसल भ्रष्टाचार का दीमक स्वतंत्रता के बाद से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में घुन जैसे घुस गया जिसको लाख उपचार के बाद भी नहीं खत्म किया जा सका। देखते ही देखते भ्रष्टाचारी ऑक्टोपस बिना मरे टूट-टूट कर ऐसा फैलता रहा कि स्वतंत्रता के दशक भर भीतर ही संसद में बहस होने लगी। संसद का एक महत्वपूर्ण वाकया आज भी प्रासंगिक है जब 21 दिसंबर 1963 को डॉ. राममनोहर लोहिया ने कहा था कि सिंहासन और व्यापार के बीच का संबंध भारत में जितना भ्रष्ट और दूषित हो गया है उतना दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं हुआ। इसकी जड़ों को लेकर डॉ. लोहिया की उस समय की पीड़ा को 59 सालों के बाद आज भी समझा जा सकता है। इसकी कल्पना मात्र से ही सिरहन हो उठती है। ऐसे में आम आदमी पार्टी के इस दुस्साहस को राजनीतिक रूप से भले ही कुछ भी समझा जाए लेकिन पुराने कई उदाहरण देखकर लगता है कि डॉ. लोहिया के चिन्तन को सार्वजनिक जीवन के अमल में लाने के लिए कुछ तो हो रहा है।

दरअसल भ्रष्टाचार एक चेन के रूप में गहरे तक घुसपैठ बना चुका है। कहीं न कहीं तमाम विभागों में एक टाईअप जैसे काम करता है। नेता और नौकरशाह इतने बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें न लाज है न भय। अर्थव्यवस्था और हरेक व्यक्ति पर विपरीत प्रभाव डालने वाला रिवाज जो बन गया है। राजनीति, नौकरशाही में के अनगिनत उदाहरण हैं लेकिन न्यायपालिका, मीडिया, सेना, पुलिस भी अछूती नहीं है। विडंबना, मजबूरी या जो भी कुछ कहें, पूरी तरह गैर कानूनी होने के बाद भी रोजाना के चलन में बेखौफ जारी है। शायद ही कोई ऐसा हो जो इससे न गुजरा हो?

भारतीय इतिहास में दूसरी बार एक मुख्यमंत्री ने सीधे अपने मंत्री पर कार्रवाई की। इससे पहले साल 2015 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपने एक मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में हटा चुके हैं उन्होंने खाद्य आपूर्ति मंत्री आसिम अहमद खान को बरखास्त कर सीबीआई जाँच तक करवा दी। उन पर 6 लाख रुपयों की घूस का आरोप था। अपनी जीरो टॉलरेन्स पार्टी का हवाला देकर सितम्बर 2016 में भी केजरीवाल ने महिला एवँ बाल विकास मंत्री संदीप कुमार को एक कथित आपत्तिजनक सीडी उजागर होने के बाद बरखास्त किया था।

भ्रष्टाचार विरोधी प्रहरी यानी एंटी करप्शन वॉचडॉग की रिपोर्ट-2021 में भारत दुनिया में 180 भ्रष्टों की सूची में जरूर 86 से खिसक 85 पर आ गया और 40 अंकों के साथ 85वां स्थान मिला। कहने की जरूरत नहीं कि माजरा क्या है। काश पूरे देश में भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने की बातें सिर्फ भाषणों और किताबों में नैतिकता के रूप में बताई और दिखाई न जाकर धरातल पर उतरतीं! इन्हीं डॉ. विजय सिंगला ने 23 मार्च को कहा था कि वे भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे और करप्शन पर जीरो टॉलरेंस का दावा भी ठोंका। लेकिन ठीक 62 दिन बाद 24 मई को भ्रष्टाचार के मामले में धर लिए गए।

तमाम आँकड़ों और सबूतों के बावजूद हर साँस में भ्रष्टाचार की बदबू को स्वीकारने की मजबूरी रिवाज सा बन गई है। ऊँचे पदों पर बैठे लोगों से लेकर दरवाजे पर बैठा चपरासी तक कहीं न कहीं इस कड़ी का हिस्सा होता है। चाहे सरकारी राशन दूकानें हो, खनन, परिवहन, सेना, शिक्षा, स्वास्थ्य, बीपीएल कार्ड, विभिन्न योजनांतर्गत आवास, समाज कल्याण, धर्मार्थ कार्य, कफन-दफन का मसला हो या कोई भी सरकारी योजना या शायद ही कोई ऐसा विभाग अछूता हो जहाँ भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों का साया न हो। लेकिन सोचना भी भारी पड़ता है कि आखिर क्यों और कब तक? लगता नहीं कि माफिया शब्द भ्रष्टाचार का पर्यायवाची जो बन गया है?

हैरानी की बात है कि तमाम तकनीकी संसाधनों, मुखबिरों, ठोस सबूतों और दावों-प्रतिदावों के बीच भी भ्रष्टाचार तेजी से फल-फूल रहा है? काश दिन, रात, सोते, जागते भ्रष्टाचार को कोसने वाले नेता, नौकरशाह ही इससे मुक्त हो पाते और सोचते कि यह देश तथा भारत माता के माथे पर कलंक और गद्दारी है? बेशक आम आदमी पार्टी ने बड़ा साहसिक कदम उठाया है और इसके सियासी मायने चाहे जो लगाए जाएँ बस इंतजार है तो इतना कि यह सिलसिला रुके नहीं और दूसरों के उदाहरण भी सामने आएँ।

# 'आशा' कार्यकर्ताओं के समर्पण और सेवा का सम्मान

-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत की 10 लाख महिला आशा कार्यकताओं को कोरोना संकट के दौरान मानवता की सेवा करने पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड देकर सम्मानित किया है। ये आशा कार्यकर्ता ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की प्रथम इकाई हैं। देश की ग्रामीण आबादी में महिलाओं को जागरूक करने व बच्चों को प्राथमिक उपचार, पोषण जागरूकता व शिक्षा अनुकूल वातावरण मुहैया कराने वाली लाखों आशा कार्यकताओं का सिर आज गर्व से ऊंचा उठा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली आशा कार्यकताओं की पूरी टीम के लिए अपनी प्रसन्नता जताई है। पीएम ने कहा कि स्वस्थ भारत सुनिश्चित करने में आशा कार्यकर्ता सबसे आगे हैं और उनका समर्पण और दृढ़ संकल्प सराहनीय है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डा. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसिस ने पुरस्कारों की घोषणा करते समय कहा कि, कोरोना महामारी के दौरान इनका कार्य बेहद सराहनीय रहा है। इन आशा कार्यकताओं ने बच्चों में होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए टीकाकरण, मातृ देखभाल में भी काम किया है। यही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल, तपेदिक के उपचार, पोषण और स्वच्छता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया असमानता, संघर्ष, खाद्य असुरक्षा और कोरोना के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि इन पुरस्कार विजेताओं में आजीवन समर्पण और मानवता की निस्वार्थ सेवा शामिल है।

आशा कार्यकर्ता भारत सरकार से संबद्ध स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं जो ग्रामीण भारत में संपर्क का पहला बिंदु हैं। उन्होंने बच्चों को टीके से रोके जा सकने वाली बीमारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल, उच्च रक्तचाप और तपेदिक के इलाज, और पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के लिए स्वास्थ्य संवर्धन के मुख्य क्षेत्रों के खिलाफ मातृ देखभाल और टीकाकरण प्रदान करने के लिए काम किया। उनमें से अधिकांश ने भारत में महामारी के चरम के दौरान कोरोनोवायरस रोगियों का पता लगाने के लिए डोर-टू-डोर जांच करने के लिए सुर्खियां बटोरीं।? वाकई, समर्पित आशा वर्कर इस सम्मान की हकदार थीं। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का जो स्तर है वह किसी से छिपा नहीं है। ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र का पहला पायदान कहे जाने वाले आंगनवाड़ी केंद्र सरकार की स्वास्थ्य जागरूकता हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं जिसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्ग के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना भी रहा है।

राज्य स्तरीय चिकित्सा प्रणाली की कमजोर रेफरल क्षमताओं के कारण स्वास्थ्य सेवाओं तक आम लोगों की पहुंच आज भी चुनौती बनी हुई है। रेफरल प्रणाली को सुदृढ़ करने और समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाने के इरादे से 2005 से मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य गतिविधियों यानी आशा की भर्ती शुरू की गई। आज देश भर में करीब साढ़े नौ लाख आशा सहयोगिनियां कार्यरत हैं, जो लोगों के बीच स्वास्थ्य संबंधी अलख जगा रही हैं। आज ग्रामीण समुदायों में आशा ही वह कड़ी है, जो प्रशिक्षण हासिल कर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मरीज के लक्षण पहचानने, उनके बारे में बताने और संदिग्ध संक्रमितों को होम आइसोलेट करने में मदद कर सकती है और गंभीर मामलों में स्वास्थ्यसेवा तंत्र को मरीज की जरूरतों से अवगत करा सकती है।

उपकेंद्र और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों की गुणवत्ता में भारी अंतर और कोविड-19 के चलते क्लिनिकल व डायग्नोस्टिक जांच, दवाओं व चिकित्सा उपकरणों की निरंतर बढ़ती जरूरतों से जाहिर है कि प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण है और शहरों की तरह ही मृत्यु दर चिंता का वास्तविक कारण है। आशा बहनें इन तथ्यों से वाकिफ थीं- न केवल बतौर फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता, बल्कि बतौर सामुदायिक सदस्य भी। तभी वे नवाचार से कोविड-19 के बारे में समुदाय में जागरूकता फैला रही थीं, जैसे लोक गीत और यूट्यूब के जरिये श्मल्टी-लेयर मास्कश के लिए चुन्नी को अपनाना। आशा बहनों से बातचीत से जाहिर होता है कि वे अपनी अहम भूमिका से परिचित हैं इसीलिए लॉकडाउन के दौरान भी घर-घर जाकर लोगों से मिलना और सामुदायिक सर्वे जैसे नियमित कार्य करती रही।

# चिंतन

## दिल्ली, लखनऊ, पटना के साहित्य संसार में सन्नाटा क्यों

**आर.के. सिन्हा**

यह संभव है कि मौजूदा युवा पीढ़ी को शायद पता ही न हो कि कोई एक-डेढ़ दशक पहले तक दिल्ली, लखनऊ, पटना वगैरह हिन्दी पट्टी के खास शहरों में हिन्दी लेखकों-कवियों की दिनभर कॉफी हाउस से लेकर शामों में अलग-अलग साहित्य प्रेमियों के घरों में लगातार गोष्ठियां आयोजित हुआ करती थीं। उनमें लेखक बंधु अपनी ताजा रचनाएं पढ़ते थे। उसके बाद उन पर बहस होती थी। वह कभी-कभी विस्फोटक भी होने लगती थीं। अब लगता है कि गोष्ठियों और बैठकी के दौर गुजरे जमाने की बातें हो रही हैं। अब गोष्ठियां आनलाइन अधिक होने लगी हैं। इसके अलावा लेखक अपनी ताजा कहानियां, गजलें, कविताएं अपनी फेसबुक वॉल पर ही डाल रहे हैं। वहां पर कुछ लाइक और छिट-पुट कमेंट जरूर आ जाते हैं। लेखक एक-दूसरे से पहले की तरह गर्मजोशी के साथ नहीं मिल रहे। पहले वाली बेतकल्लुफी गायब सी हो गई। कुछ साल पहले तक राजधानी दिल्ली में निर्मल वर्मा, मनोहर श्याम जोशी, राजेन्द्र यादव, पदमा सचदेव जैसे लेखकों के घरों में उनके समकालीन और नौजवान लेखक लगातार आते-जाते रहते थे। वहां पर बैठकी के लंबे दौर चला करते थे। कभी-कभी सुबह भी हो जाती थी क लेकिन वह स्थिति अब कम या कहें की खत्म होती जा रही है। उन दिनों, कॉफी हाउस तो वैचारिक मुठभेड़ों के गढ़ होते थे। उनमें लेखक, संस्कृतिकर्मी, कलाकार, राजनीतिक कार्यकता सब तो आकर घंटों बैठते थे। अब उनमें भी सन्नाटा पसरा रहता है। पटना के काफी हाउस में फणीश्वर नाथ रेणु, नागार्जुन, सत्यनारायण, रॉबिन शॉ पुष्प, बाल्मीकि प्रसाद विकट, गोपीबल्लभ सहाय, शम्भुदयाल, सिंह, जीतेन्द्र सिंह अनेकों पत्रकार ही बैठने वालों में शामिल थेक पहले वाली गहमा-गहमी नहीं दिखाई देती। यही स्थिति दिल्ली के मोहन सिंह प्लेस के कॉफी हाउस की भी थी। दिल्ली के बाहर से आने वाला लगभग हर नेता, कार्यकर्ता, लेखक अगर कॉफीहाउस न आए तो समझा जाता था कि उसका दिल्ली आगमन निरर्थक है। कॉफी हाउस कई लोगों तथा संस्थाओं के लिए स्थायी कार्यालय का भी कार्य करता था। दिल्ली के कॉफी हाउस में अवारा मसीहा के लेखक विष्णु प्रभाकर, भीष्म साहनी, कमलेश्वर, राजेन्द्र यादव वगैरह रोज गपशप कर रहे होते थे। इनमें साहित्य,समाज और सामयिक बिन्दुओं पर कॉफी की प्याली पर लंबी चचाएं होती थीं। इस बीच, हिदी के बड़े साहित्यकारों के नामों की चर्चा जब होती है तब मुंशी प्रेमचंद, रामधारी सिंह दिनकर, बाबा नागार्जुन, फणीश्वर नाथ रेणु और शिव पूजन सहाय का उल्लेख अवश्य होता है। इन सबने पटना में रहते हुए हिदी के राष्ट्रीय फलक पर अपनी छाप छोड़ी थी। रेणु, दिनकर, नागार्जुन, रामवृक्ष बेनीपुरी, जानकी वल्लभ शास्त्री जैसे शब्दों के सम्राटों ने पटना में दर्जनों साहित्यिक गोष्ठियों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। ये पटना के चाय के प्रमुख अड्डों से लेकर कॉफी हाउस तक में बैठा करते थे। रामधारी सिंह दिनकर ने निबंधन विभाग के पटना कार्यालय में 1934 में नौकरी शुरू की थी। दिनकर ने 1935 में जब 'रेणुका' नामक कविता संग्रह की रचना की तो उनका तबादला पटना निबंधन कार्यालय से बाढ़ कार्यालय कर दिया गया। 1938 में जब कविता संग्रह 'हुंकार' प्रकाशित हुआ, तब उनपर ब्रिटिश सरकार विरोधी होने के आरोप लगे और उनका तबादला नरकटियागंज कर दिया गया। वह पटना रहें या कहीं अन्य शहर में, वे साहित्य की सेवा करते रहे और नौजवान लेखकों से भी मिलते-जुलते रहे।

आपको पटना में अब भी इस तरह के कई लोग मिल जाएंगे जिन्होंने दिनकर, रेणु, नागार्जुन, बेनीपुरी आदि बड़े कवियों को किसी कार्यक्रम में सुना। रेणु कालजयी रचनाकार और क्रांतिकारी थे। वे भी मित्रों तथा साहित्य प्रेमियों के लिए सदैव उपलब्ध रहते थे। पर अब तो नहीं लगता कि पटना में बहुत गोष्ठियां हो रही हैं या साहित्यकार एक-दूसरे से मिल जुल कर ताजा रचनाओं पर बतिया रहे हैं। हाँ, इधर कुछ वर्षों से बिहार हिंदी साहित्य सम्मलेन अवश्य ही सक्रिय हुआ है और वहां हर सप्ताह कोई न कोई साहित्यिक कार्यक्रम होने लगे हैं।

# लापरवाहियों का नतीजा हैं बोरवेल हादसे...!

**सुनील कुमार महला**

हाल ही में पंजाब के होशियारपुर में बैरामपुर के समीप ख्याला बुलंदा गांव में आवारा कुत्तों से बचने के दौरान छह साल का एक बच्चा 300 फुट गहरे ह्यबोरवेलह्न में गिर गया। करीब सात घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद बच्चे को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। बोरवेल में बच्चे की गिरने की यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी देश में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं घट चुकी हैं। हर बार कहीं न कहीं ऐसी घटनाएं घटती है, उस पर पेपरबाजी होती है और कुछ समय बाद स्थिति वही ढ़ाक के तीन पात वाली हो जाती है। ऐसी घटनाओं को मीडिया बुलंद आवाज के साथ उठाता है लेकिन कुछ समय बाद मीडिया की आवाज दबी की दबी रह जाती है, होता कुछ भी नहीं है।



घटना घटित होती है तो उस पर खूब हाय-तौबा मचती है। हर बार उम्मीद जताई जाती है कि घटना से सबक लिया जाएगा और आगे से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी,लेकिन बावजूद इसके घटनाएं घटित होती हैं। बताता चलूँ कि 21 जुलाई 2006 को हरियाणा के गुरूग्राम में प्रिंस नाम का बच्चा 60 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था। बाद में, 23 जुलाई को भारतीय सेना के जवानों ने उसे बाहर निकाला था। तब बोरवेल की यह घटना पहली बार देशभर में सुर्खिया बनी थी और सबने प्रिंस की सलामती के लिए दुआ मांगी थी।जानकारी मिलती है कि इसी घटना के बाद जनहित याचिकाओं का सिलसिला शुरू हुआ था। लेकिन यह अत्यंत गंभीर होने के साथ साथ ही अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि आज सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बावजूद भी देशभर में लगातार बच्चे बोरवेल में गिर रहे हैं और मौत के शिकार हो रहे हैं। जानकारी देना उचित होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने नलकूप खनन के दौरान छोटे बच्चों को होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं से बचाने के लिए 6 अगस्त 2010 में आदेश पारित किया था, लेकिन यह दुखद है कि माननीय न्यायालय के आदेशों का आज तलक क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है और बोरवेलों को खुला छोड़ा जा रहा है। बहुत बार पशु व बच्चे इनमें गिरकर असमय मृत्यु के आगोश में समा रहे हैं। ताजा होशियारपुर की घटना के संबंध में पता चला है कि यह घटना उस वक्त हुई जब ऋतिक रोशन एक खेत में खेल रहा था और इसी दौरान कुछ आवारा कुत्ते उसके पीछे पड़ गए। कुत्तों से बचने के लिए वह ह्यबोरवेल शाफ्टह्न पर चढ़ गया जो जूट के बोरे से ढका हुआ था जो कि बच्चे का वजन नहीं झेल पाया।इस वजह से बच्चा गड्ढे में गिर गया। हालांकि प्रशासन खुले व प्रयोग में नहीं आ रहे बोरवेल को बंद करने के सख्त आदेश देता है लेकिन लोग उसका पालन नहीं करते।

# मेरा गांव स्वस्थ गांव योजना

**-- रामविलास जांगिड़**

सरकार ने वोट खींचने के लिए मेरा गांव स्वस्थ गांव परियोजना चालू कर दी है। बीमार की सुविधा के लिए गांव-गांव फाइव स्टार अस्पताली होटल खोल दिए गए। अस्पताल में जो भी फर्नीचर था उसे शानदार ही कहा जाना चाहिए। अस्पताल में कुर्सियों का क्या काम? इसलिए कुर्सी वहां एक न थी। सरकार ने राष्ट्रीय बचत कार्यक्रम किया है। लिजलिजी, चिपचिपी, खर-खराहट करती एक चार फुट लंबी बेंच पर मरीज को अक्सर लिटा दिया जाता था।

इसकी एक टांग को सहारा देने के लिए बाकायदा ईंटें लगाई हुई थी। दूसरी टांग के ऊपर तक पत्थर टिकाकर इसे सहारा दिया गया था। अन्य दो टांगों को किसी मरीज की उतरी हुई पट्टी से बांध दिया गया था। जब भी कोई डॉक्टर, मरीज या कुत्ता इस पर बैठता तो यह बराबर संगीत सुनाया करती। हवा के झोंके से इसके संगीत के सुर बदल जाया करते। बेंच की छाती पर लगी कीलें एक्यूपंचर का कार्य करने में तत्परता दिखाती।

छत पर लटका पंखा पूरी दुनिया में विख्यात था। पंखे पर बैठी मक्खियां अपने पंख फड़फड़ाने के लिए हवा की मदद लेती देखी जा सकती है। पंखा भी अपने ढंग का संगीत सुनाया करता। वह हिंदुस्तानी संगीत के राजधानी घराने का मुख्य संगीतकार हुआ करता। अक्सर पंखे और बेंच का संगीत जब आपस में संगत करते तो अच्छे से अच्छा गधा भी नाचने के लिए मजबूर हो जाता। संगीत चलता रहता था और परिणाम बहुत दूर जाकर यह निकलता की अस्पताल के गर्दभ सामूहिक रूप से डांस करने लगते। बेंच के साथ ही लोहे की एक भारी-भरकम तिपाई थी। इस पर मिट्टी का एक घड़ा रखा हुआ था। यह घड़ा प्राकृतिक रंगों से चित्रित किया हुआ था। धूसर, काई, खड़िया, कोयले आदि रंगों के साथ छिपकलियों की दीर्घ शंकाओं से बनी कई तरह की कलाकृतियां इस पर बनी हुई थी। इस कलाकृति को अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी ख्याति प्राप्त हुई थी।

## डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच की ग्रैंड स्लैम में शानदार वापसी, पहले राउंड में लगातार सेटों में जीता मैच

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन के डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ ग्रैंड स्लैम में वापसी की है। उन्होंने पहले राउंड के मैच में जापान के योशिहितो निशिओका को लगातार सेटों में 6-3, 6-1, 6-0 से हरा दिया। जोकोविच ने इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। उन्हें वीजा और वैक्सीनेशन मामले में साल का पहला ग्रैंड स्लैम खेलने का मौका नहीं मिला था।

वह पिछली बार ग्रैंड स्लैम में पिछले साल खेले थे, जब उन्हें यूएस ओपन फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। फ्रेंच ओपन में पहला मैच जीतने के बाद जोकोविच ने कहा कि फिर से ग्रैंड स्लैम खेलकर खुश हूं। रोलैंड गैरोस दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक है और पिछले साल की यादें अभी तक मेरे जहन में ताजा हैं।

35 साल के जोकोविच ने निशिओका के खिलाफ मैच में 18 ब्रेक प्वाइंट हासिल किए। मैच के बाद उन्होंने कहा- मैं हमेशा खुद से बेस्ट की उम्मीद करता हूं, ताकि खेल में अच्छा प्रदर्शन कर सकूं। टूर्नामेंट की शुरुआत मैंने अच्छे से की है। अगले राउंड में जोकोविच का सामना अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया और स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकन से हो सकती है। मोलकन फिलहाल जोकोविच के पूर्व कोच मारियन वाज्दा की देखरेख में खेल रहे हैं। इससे पहले राफेल नडाल भी दूसरे राउंड में पहुंच चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को लगातार सेटों में 6-2, 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ नडाल ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। नडाल किसी एक ग्रैंड स्लैम में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। नडाल ने फ्रेंच ओपन में अब तक 106 मैच जीते हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व नंबर एक रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया। फेडरर ने विम्बलडन में 105 मैच जीते हैं।

## नडाल ने तोड़ा रोजर फेडरर का रिकॉर्ड, इस मामले में दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने

**पेरिस ।** फ्रेंच ओपन 2022 का आगाज हो चुका है। क्ले कोर्ट यानी बजरी मिट्टी के बादशाह माने जाने वाले राफेल नडाल ने पहले राउंड में जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को लगातार सेटों में 6-2, 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ नडाल ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। नडाल किसी एक ग्रैंड स्लैम में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। नडाल ने फ्रेंच ओपन में अब तक 106 मैच जीते हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व नंबर एक



रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया। फेडरर ने विम्बलडन में 105 मैच जीते हैं। कुल मिलाकर चार ग्रैंड स्लैम खेले जाते हैं। इसमें फ्रेंच ओपन और विम्बलडन के अलावा ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन शामिल है। नडाल और फेडरर के बाद तीसरे नंबर पर पूर्व दिग्गज जिमी कॉनर्स हैं। उन्होंने यूएस ओपन में 98 मैच जीते थे। नडाल का फ्रेंच ओपन में शानदार रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने 106 मैच जीतने के अलावा सिर्फ तीन मैच गंवाए हैं। फ्रेंच ओपन में पिछली हार नडाल को पिछले साल मिली थी, जब नोवाक जोकोविच ने उन्हें सेमीफाइनल में हराया था। इसके अलावा फ्रेंच ओपन में नडाल 2009 में रॉबिन सोडरलिंग से चौथे राउंड में और 2015 में जोकोविच से क्वार्टरफाइनल में हारे थे। इसके साथ ही नडाल ने चारों ग्रैंड स्लैम में 299वीं जीत हासिल की। एक जीत हासिल करते ही नडाल फेडरर और जोकोविच के क्लब में शामिल हो जाएंगे। दूसरे राउंड में नडाल का सामना कोरेंटिन मोटेट से भिड़ेंगे। मोटेट ने पहले राउंड में 2015 के चैंपियन स्टैन वावरिंका को हराया था।

## शेफाली वर्मा की तेजतर्रार पारी से वेलॉसिटी ने सुपरनोवाज को हराया

**पुणे।** आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (51) और लौरा वुलवार्डट (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेलॉसिटी ने मंगलवार को यहां महिला टी-20 चैलेंज के दूसरे मैच सुपरनोवाज को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। शेफाली ने 33 गेंद की पारी में एक छक्का और नौ चौके जड़े तो वहीं वुलवार्डट ने 35 गेंद की नाबाद पारी में सात चौकों के साथ एक छक्का लगाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की 51 गेंदों में 71 रनों की तूफानी पारी से सुपरनोवाज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 5 विकेट पर 150 रन बनाए। वेलॉसिटी ने 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट गंवाकर इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। टीम के लिए कप्तान दीप्ति शर्मा ने 25 गेंद में नाबाद 24 रन का योगदान दिया।

# एटीपी के रैंकिंग नहीं देने पर जोकोविच ने किया समर्थन

### एटीपी व डब्ल्यूटीए ने की थी घोषणा, विम्बलडन के परिणामों पर नहीं मिलेगी रैंकिंग

**पेरिस।** दुनिया के एक नंबर के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एटीपी (पुरुष) के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि विम्बलडन के परिणामों को लेकर एटीपी की ओर से रैंकिंग नहीं देने का फैसला सही है। हालांकि, इस निर्णय से जोकोविच के नंबर 1 स्थिति पर पकड़ प्रभावित होगी।

एटीपी और डब्ल्यूटी महिला टूर ने घोषणा की थी कि वह विम्बलडन में किसी भी मैच के परिणाम के लिए खिलाड़ी को रैंकिंग नहीं देंगे। एटीपी प्रबंधन के साथ जोकोविच का पहले विवाद रहा है, लेकिन यहां पर इस सर्बिया के खिलाड़ी ने समर्थन करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि एटीपी पुरुष ने यह कदम उठाया है।



एटीपी ने कहा कि 2021 के विम्बलडन में रैंकिंग अर्जित करने वाले सभी खिलाड़ी के रिकॉर्ड को हटा दिया जाएगा।

**रूस-बेलारूस खिलाड़ियों पर प्रतिबंध एक गलती**

सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक ने विंबलडन में रूस और बेलारूस खिलाड़ियों के प्रतिबंध के फैसले को एक गलती कहा है। उन्होंने विंबलडन के आयोजकों को आलोचना करते हुए कहा कि यहां पर संवाद की कमी दिख रही है। जोकोविच ने कहा कि मेरे हिसाब से यह गलत फैसला है। मैं इसका समर्थन नहीं करता। यह सभी के लिए खराब स्थिति है। फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया था, जिसके बाद ऑल इंग्लैंड क्लब ने 27 जून से शुरू हो रहे विंबलडन ग्रैंड स्लेम टूर्नामेंट में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## विश्व चैंपियनशिप का लक्ष्य हासिल हुआ, अब ओलंपिक पर नजरें : निकहत

**नई दिल्ली ।** विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत जरीन की नजरें अब 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने पर हैं। जरीन ने 19 मई को इस्तांबुल में आयोजित महिला विश्व चैम्पियनशिप के 52 किग्रा के फाइनल में थाईलैंड की जितपोंग जुतामास पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। वह विश्व चैंपियन बनने वाली सिर्फ पांचवीं भारतीय मुक्केबाज हैं।



जरीन ने भारतीय खेल प्राधिकरण और राष्ट्रीय महासंघ (बीएफआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने देश के लिए विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। मैं भविष्य में और अधिक मेहनत करना चाहूंगी और भारत के लिए पदक जीतती रहूंगी।' एशियाई चैम्पियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता जरीन ने कहा, 'ओलंपिक मेरा अंतिम लक्ष्य है लेकिन वहां सफलता हासिल करने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी होगी क्योंकि मुझे पता है कि ओलंपिक कितनी बड़ी प्रतियोगिता है। मैंने अब तक जितनी मेहनत की है, उससे दोगुना मेहनत करनी होगी।' उन्होंने कहा, 'अब मुझ पर अधिक जिम्मेदारी है।' महिला जूनियर एवं युवा विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2011 में स्वर्ण पदक जीतने वाली जरीन को कई बार मैरीकोम के लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने कहा, 'मुक्केबाजी में मेरी अब तक की यात्रा अच्छी रही है। यह आसान नहीं रहा है क्योंकि मैंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। लेकिन इस उतार-चढ़ाव से मैं आज जहां हूं वहां पहुंचने के लिए काफी प्रेरणा मिली है।'

# महिला साबित करने के लिए शरीर दिखाने को तैयार हो गई थीं सेमेन्या, एथलीट ने बताई 2009 की घटना

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीकी एथलीट कास्टर सेमेन्या ने विश्व एथलेटिक्स की ओर से कराए जाने वाले जेंडर टेस्ट को एक बार फिर विवादों में ला दिया है। सेमेन्या ने खुलासा किया है कि 2009 में जब वह पहली बार 18 साल की उम्र में 800 मीटर में विश्व चैंपियन बनी थीं तो ट्रैक ऑफिशियल उन्हें शक की निगाहों से देख रहे थे। वह उन्हें पुरुष मान रहे थे।

सेमेन्या ने बताया कि उनका शक दूर करने के लिए उस दौरान उन्होंने ट्रैक ऑफिशियल को अपना शरीर दिखाने तक की पेशकश कर डाली थी। बावजूद इसके विश्व एथलेटिक्स ने उन्हें उनके शरीर में पुरुषत्व के हार्मोन टेस्टोस्टोरान को कम करने के लिए दवाईयां दीं। शायद यह दवाईयां गर्भनिरोधक गोलियां थीं।

**दवाएं लेने पर उन्हें लगता था कि दिल का दौरा पड़ जाएगा**

सेमेन्या ने एचबीओ रियल स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि यह विश्व चैंपियनशिप बर्लिन में हुई थी और उन्होंने सभी को बुरी तरह पछाड़ते हुए स्वर्ण जीता था। उनके मजबूत प्रदर्शन और मांसल शरीर के कारण उनका जेंडर टेस्ट कराया गया, जो दुनिया के सबसे बड़े विवादों का कारण बना। इस विश्व खिताब के बाद ही सेमेन्या को दूसरी महिलाओं के साथ दौडने के लिए जबरन टेस्टोस्टोरॉन कम करने की दवाईयां दी गईं। हालांकि वैश्विक संस्था ने कभी इन दवाओं का खुलासा नहीं किया।

सेमेन्या ने कहा कि इन दवाओं ने उन्हें बीमार बना दिया। उनका वजन बढ़




गया था। उनके मन में डर बैठ गया था कि कहीं उन्हें दिल का दौरा तो नहीं पड़ जाएगा। यह ठीक ऐसा था जैसे की हर रात कोई उनकी पीठ में छुरा भोंक रहा है, लेकिन उनके पास कोई चारा नहीं था। वह सिर्फ 18 साल की थीं और ओलंपिक में दौडना चाहती थीं। एथलीट को बिना बताए प्राकृतिक हार्मोन कम करने की दवाएं दिए जाने को विशेषज्ञों ने अनैतिक करार दिया।

**विश्व एथलेटिक्स के वकील को अपनी जुबान काटकर फेंक देनी चाहिए**

विश्व एथलेटिक्स के वकील जोनाथन टेलर ने इंटरव्यू में सेमेन्या को दवाएं देने के कदम का बचाव करते हुए कहा कि बड़े विशेषज्ञों ने ये दवाएं टेस्टोस्टोरान स्तर कम करने के लिए बताई थीं। सेमेन्या ने टेलर के जवाब पर कहा कि उन्हें अपनी जुबान काट कर फेंक देनी चाहिए। अगर वह समझना चाहते हैं कि इससे वह किस तरह प्रताड़ित हुई हैं तो यह दवाईयां उन्हें खुद लेनी चाहिए।

सेमेन्या ने 13 साल तक महिलाओं के साथ दौडने के लिए लड़ाई लड़ी। अब 31 साल की हो चुकी इस एथलीट पर 400 मीटर और उससे ऊपर की रेस में भाग लेने पर प्रतिबंध लग चुका है। अगर वह विश्व एथलेटिक्स की ओर से बताई गई दवाएं लेने को तैयार हो जाती हैं तभी वह इन रेसों में भाग ले सकती हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया और 2019 के बाद से वह 800 मीटर में नहीं दौड़ीं। इसी के चलते वह टोक्यो ओलंपिक में अपने स्वर्ण की रक्षा नहीं कर सकीं। सेमेन्या टेस्टोस्टारन नियमों पर दो बार अपनी अपील हार चुकी हैं। उन्होंने तीसरी अपील मानवाधिकारों की यूरोपीय अदालत में की है, जो लंबित है।

## रुबलेव ने गुस्से में गेंद जमीन पर मारी, स्वीपर के मुंह में लगी, पानी की बोतल भी फेंकी, बैन होने से बचे

**लंदन।** रूस के टेनिस स्टारर टेनिस खिलाड़ी एंड्री रुबलेव अपने गुस्से की वजह से विवादों में आ गए हैं। दक्षिण कोरिया के क्वोन सून वू के खिलाफ सेट हारने के बाद उन्होंने गुस्से में गेंद को जमीन पर मारा था, जो उनकी कुर्सी से टकराकर स्वीपर में मुंह पर लगी।

इसके बाद उन्होंने पानी की बोतल भी जमीन पर फेंक दी। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर जमकर उनकी आलोचना हो रही है। हालांकि, मैच रेफरी ने फटकार लगाकर उन्हें छोड़ दिया। 2020 में ऐसी ही घटना के बाद नोवाक जोकोविच को टूर्नामेंट से बाहर



कर दिया गया था। फ्रेंच ओपन के एक मैच में रुबलेव दक्षिण कोरिया के क्वोन सून वू के खिलाफ एक सेट हारने के बाद काफी गुस्से में थे। यह मैच उनके लिए बहुत आसान था, लेकिन उन्होंने एक सेट 6-7 के अंतर से टाईब्रेक में गंवा दिया।

इसके बाद वो गुस्से में आ गए और 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पहले गेंद फिर पानी की बोतल पर गुस्सा निकाला, जो उन्हें काफी महंगा पड़ सकता था। उन्होंने गुस्से में जो गेंद जमीन पर मारी थी वह कुर्सी से टकराकर स्वीपर के मुंह पर लगी और उसकी टोपी जमीन पर गिर गई। गनीमत रही कि स्वीपर को गंभीर चोट नहीं आई।

## फाइनल में जगह बनाकर बोले हार्दिक पांड्या- मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हमने गलती कर दी थी

**कोलकाता।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में यहां राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने के बाद अपने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। रॉयल्स के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने डेविड मिलर (नाबाद 68) और पांड्या (नाबाद 40) के बीच चौथे विकेट की 106 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत तीन गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 191 रन बनाकर जीत दर्ज की। मिलर ने 38 गेंद की अपनी तेजतर्रार पारी में पांच छक्के और तीन चौके मारे। उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। पांड्या ने 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके जड़े। टाइटंस की ओर से शुभमन मिल (35) और मैथ्यू वेड (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली। रॉयल्स ने जोस बटलर (89) और कप्तान संजू सैमसन (47) की उम्दा पारियों से छह विकेट पर 188 रन बनाए थे। पंड्या ने मैच के बाद कहा, 'मुझे गर्व है कि टीम में शामिल सभी 23 खिलाड़ी अलग हैं। वे सभी अलग तरह की चीजें मुकाबले में लेकर आते हैं। मैंने मिलर से सिर्फ इतना कहा कि अगर आपके आसपास अच्छे लोग हैं तो आपको अच्छी चीजें मिलती हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं देख सकता हूं कि जो खिलाड़ी अंतिम एकादश में शामिल नहीं हैं वे भी चाहते हैं कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे।

# आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंचे दानिल मेदवेदेव, अर्जेंटीना के बैगनीस को दी मात

**पेरिस।** विश्व नंबर दो खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने फ्रेंच ओपन में आसान जीत के साथ शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त रूस के खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के फैसुंडो बैगनीस को तीन सेटों में 6-2, 6-2, 6-2 से मात दी। यूएस ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने 103वीं रैंक पर काबिज बैगनिस पर आसान जीत दर्ज करते हुए रोलैंड गैरोस के दूसरे दौर में जगह बनाई। 26 वर्षीय मेदवेदेव पिछले साल फ्रेंच ओपन पहले दौर में लगातार चार हार के बाद क्वार्टर फाइनलिस्ट थे। लगभग दो माह पहले हर्निया की सर्जरी कराने के बाद रूसी ने अपनी पहली जीत हासिल की।

**1 घंटे 38 मिनट तक चला मैच**

मैच के पहले सेट में मेदवेदेव



ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार 9 गेम जीता। इसके बाद दूसरे सेट में 4-0 से बढ़त बना ली। 32 साल के बैगनिस ने शुरुआती गेम में सर्विस का जवाब दिया, लेकिन रूसी खिलाड़ी के आगे टिक नहीं पाए। तीसरे सेट में 2-2 से बराबरी का गेम चला, लेकिन 26 वर्षीय मेदवेदेव ने अपनी सर्विस से बैगनिस को जूझने के लिए मजबूर कर दिया और 1 घंटे 38 मिनट में जीत हासिल की।

**जिनेवा ओपन में हार गए थे मेदवेदेव**

मेदवेदेव ऑपरेशन के बाद अपनी वापसी पर पिछले हफ्ते जिनेवा ओपन में शुरुआती दौर का मैच हार गए थे। मेदवेदेव इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में राफेल नडाल से पांच सेटों के मैच के बाद हार गए थे। जीत के बाद मेदवेदेव ने कहा कि वह अपने ऑपरेशन के बाद अपनी भागीदारी को लेकर अनिश्चित थे, लेकिन वापस आने में कामयाब रहे।

## ईस्ट बंगाल की स्वामित्व को लेकर मैनचेस्टर युनाइटेड से चल रही बातचीत, बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली निभा रहे अहम भूमिका

**कोलकाता।** मैदान के अंदर और बाहर संघर्ष कर रहे ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब की कई दिग्गज क्लबों के साथ स्वामित्व को लेकर बातचीत चल रही है। इसमें इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर युनाइटेड भी शामिल है। देश के सबसे पुराने फुटबॉल क्लबों में से एक ईस्ट बंगाल को अगर मैनचेस्टर युनाइटेड का साथ मिलता है तो यह भारतीय फुटबॉल में बड़ा बदलाव होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली इस करार को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने मीडिया को बताया कि 'रेड डेविल्स' मैनचेस्टर युनाइटेड के अलावा और कुछ अन्य लोगों के साथ बातचीत चल रही है और इससे जुड़ी तस्वीर लगभग दो सप्ताह में स्पष्ट हो जाएगी। ईस्ट



बंगाल बांग्लादेश स्थित बसुंधरा समूह के साथ भी बात कर रहा था, लेकिन इससे कोई समझौता नहीं हुआ। गांगुली ने इस मुद्दे पर पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए कहा, 'हां हमने उनसे और अन्य लोगों से भी बात की है। किसके साथ करार पूरा होगा यह जानने के लिए 10-12 दिनों का और इंतजार करना होगा।' यह पूछे जाने पर कि क्या यूरोपीय फुटबॉल दिग्गज निवेशक के रूप में आ रहे हैं, भारतीय क्रिकेट इस पूर्व सितारे ने कहा, 'नहीं-नहीं (वे आ रहे हैं) वे क्लब मालिक के तौर पर यहां आएंगे। 'गांगुली ने हालांकि इस बारे में विस्तार से कुछ बताने से मना कर दिया। उन्होंने कहा- इसमें अभी कुछ समय और बातचीत एक स्तर पर पहुंच जाए तब हम टिप्पणी करेंगे। मैं कुछ तय हो जाने के बाद ही बोलूंगा।

मैदान के बाहर के मुद्दों के कारण टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। बेंगलुरु केक्केस कॉर्प ने तीन साल के करार के बावजूद दो साल के बाद ही टीम का साथ छोड़ दिया। 2020-21 सत्र में जब वे निवेशक ढूंढने में असफल रहे तब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने श्री सीमेंट के साथ उनका करार करवाया। ईस्ट बंगाल के लिए हालांकि यह जुड़ाव भी सही नहीं रहा क्योंकि उनकी कार्यकारी समिति ने करार में विसंगतियों का दावा करते हुए अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन विवादों के कारण टीम आईएसएल के अपने पहले सत्र में नौवें और बीते सत्र में तालिका में आखिरी स्थान पर रही।

## जापान ने भारत को 5-2 से हराया, पूल-ए में पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर टीम इंडिया

**जकार्ता।** एशिया कप हॉकी 2022 में टीम इंडिया का खराब प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे मैच में टीम इंडिया को 2018 एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट जापान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। जापान ने भारत को पूल ए के चौथे मैच में 5-2 से हरा दिया। इस हार के साथ भारतीय टीम पूल ए में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत को पूल ए के अपने पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा था। भारत के दो मैचों के बाद एक अंक हैं। वहीं, जापान दो में से दो मैच जीतकर अंक तालिका में टॉप पर है। पाकिस्तान की टीम दो मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद मंगलवार को इंडोनेशिया को 13-0 से हराया। वहीं, जापान के छह अंक हैं। इंडोनेशिया की





टीम दोनों मैच हारकर पूल ए में चौथे स्थान पर है। पूल-बी में मलेशिया की टीम ने तीसरे राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मलेशिया के दो मैचों में छह अंक हैं। वहीं, दक्षिण कोरिया की टीम दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश की टीम के भी दो मैचों में तीन अंक हैं, लेकिन गोल डिफ्रेंस में टीम कोरिया से पीछे है। ओमान दो मैचों में दो हार के साथ चौथे स्थान पर है।

## नाटो प्रमुख बोले- यूक्रेन का समर्थन जारी रखेंगे, लेकिन सीधे युद्ध में शामिल नहीं होंगे

**लंदन :** स्वतंत्रता को मुक्त व्यापार से अधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को सिखाया है कि अधिनायकवादी शासन पर आर्थिक निर्भरता में बड़े जोखिम हैं। उन्होंने चीन को अधिनायकवादी सरकार का उदाहरण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन नाटो सैनिकों को वहां भेजकर युद्ध में अपनी प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं करेगा।

**नाटो प्रमुख बोले, यूक्रेन युद्ध में नहीं शामिल होंगे**

स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि हमने 2014 से यूक्रेन को अपना समर्थन दिया है, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। हम समर्थन जारी रखेंगे, लेकिन वहां नाटो सैनिकों को भेजकर हम सीधे युद्ध में शामिल नहीं होंगे। यह उकसाने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि हर सहयोगी सुरक्षित रहे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2022 को संबोधित करते हुए स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने हमें सिखाया है कि अधिनायकवादी शासन पर आर्थिक निर्भरता के भारी जोखिम हो सकते हैं जिसे हमने ऊर्जा संकट के रूप में देखा है। नाटो प्रमुख ने कहा कि यह रूस के बारे में है। चीन में भी अधिनायकवादी शासन है। हमें सच्चाई का सामना करना होगा। मुक्त व्यापार की तुलना में स्वतंत्रता अधिक महत्वपूर्ण है और मूल्यों की रक्षा करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ व्यापार करने के बहुत लाभ हैं, लेकिन जब 5जी नेटवर्क की बात आती है तो इसमें सुरक्षा संबंधी चिंताएं शामिल हैं और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध ने यूरोप में शांति भंग कर दी है। रूस के आक्रमण के बाद से हमने अपना समर्थन काफी बढ़ा दिया है।

## भारतीय-अमेरिकी छात्र पर हमले के विरोध में उतरे चार अमेरिकी सांसद, स्कूल को लिखा साझा पत्र

**वाशिंगटनः** अमेरिका के चार भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने टेक्सास के एक स्कूल में भारतवंशी छात्र के साथ किए गए दुर्व्यवहार की हालिया घटना पर चिंता जताई है। यह पहली बार है जब चारों भारतवंशी सांसदों (रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा व प्रमिला जयपाल) ने साझा पत्र लिखा है।

चारों सांसदों ने कहा, हम 'कोपेल इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट' (सीआईएसडी) के 'कोपेल मिडल स्कूल नॉर्थ' में हुई घटना पर चिंतित हैं। घटना के वीडियो में दिख रहा है कि 14 वर्षीय किशोर से मारपीट हो रही है और अंततः कथित रूप से कुश्ती के एक दांव के कारण उसका 'दम घुटने लगा'। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो सकता था। उन्होंने लिखा, इस वीडियो ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय में आक्रोश पैदा कर दिया है। यह पत्र टेक्सास ब्राड हंट में सीआईएसडी के अधीक्षक और स्कूल के प्रधानाचार्य ग्रेग अक्सेलसन को संबोधित करके लिखा गया है।

**यह था घटनाक्रम**

इंटरनेट पर प्रसारित एक वीडियो में दिख रहा है कि एक कुर्सी पर बैठे भारतीय-अमेरिकी छात्र की गर्दन को एक श्वेत छात्र ने काफी देर तक दबाए रखा। वीडियो में एक श्वेत छात्र भारतवंशी छात्र को अपनी कुर्सी से उठने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। जब भारतवंशी छात्र ने ऐसा करने से मना कर दिया, तो उसका गला दबाया और उसे कुर्सी से जबरदस्ती हटाया गया।

## निजता हनन से जुड़े मामले में मार्क जुकरबर्ग के खिलाफ केस, 2016 में राष्ट्रपति चुनाव में करोड़ों यूजर्स के डाटा का इस्तेमाल

**वाशिंगटनः** 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया' (डीसी) ने 'कैम्ब्रिज एनालिटिका' घोटाले में मेटा प्रमुख मार्क जुकरबर्ग को निजी रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने का अनुरोध करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इस मामले को एक बड़ा कॉरपोरेट और राजनीतिक घोटाला कहा जा रहा है। यह पूरा मामला लाखों फेसबुक यूजरों के निजी डाटा की निजता के हनन से जुड़ा है। डीसी के अटॉर्नी जनरल कार्ल रेसीन ने 'डीसी सुपीरियर कोर्ट' में जुकरबर्ग के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में कहा गया है कि जुकरबर्ग कंपनी के महत्वपूर्ण निर्णयों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल थे और यूजरों के डाटा को साझा किए जाने के संभावित खतरों से अवगत थे, जैसा कि कैम्ब्रिज एनालिटिका कंपनी के मामले में हुआ।



इसमें कहा गया है कि इस कंपनी ने 8.70 करोड़ फेसबुक यूजरों का डाटा उनकी अनुमति के बिना जुटाया, जिसका इस्तेमाल अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए किया गया। 'मेटा प्लेटफॉर्म्स' के प्रवक्ता एंडी स्टोन ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर चीन की तानाशाही पर हुई चर्चा, क्वाड नेता बोले- आतंकवादी समूहों के खिलाफ करेंगे ठोस कार्रवाई

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन, जापान के पीएम फूमिओ किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नए पीएम एंथनी अल्बानीज ने बहुपक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) की दूसरी सामने-सामने की बैठक में हिस्सा लिया।

क्वाड नेताओं की दूसरी व्यक्तिगत बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नव-निर्वाचित प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास और वैश्विक मुद्दों के बारे में आपसी हितों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बैठक को लेकर चारों देशों के नेताओं ने साझा बयान जारी किया है। बयान के मुताबिक, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने और तनाव बढ़ाने की कोशिश करने वाली किसी भी जबरदस्ती, भड़काऊ या एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। साथ ही इन देशों के नेताओं ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती हठधर्मिता के बीच अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को कायम रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की। बयान के मुताबिक, क्वाड सदस्य देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के लिए 50 बिलियन अमेरिकी डालर आवंटित करने का संकल्प लिया है।बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 'क्वाड' के स्तर पर हमारे आपसी सहयोग से मुक्त, खुले और समावेशी 'इंडो पैसिफिक क्षेत्र' को प्रोत्साहन मिल रहा है। जो हम सभी का साझा उद्देश्य है।

गौरतलब है कि ये क्वाड शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ जब चीन और क्वाड सदस्य देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। बीजिंग तेजी से लोकतांत्रिक मूल्यों को चुनौती दे रहा है। बीजिंग द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ कई विवादित क्षेत्रों में हजारों सैनिकों को तैनात करने और पूर्वी लद्दाख में 2020 में हुए गतिरोध के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में गिरावट आई है।



क्वाड में सदस्य देशों ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य चाल की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र और संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में बात की। जारी हुए साझा बयान में सदस्य देशों ने कहा कि हम स्वतंत्रता, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का पुरजोर समर्थन करते हैं। बिना धमकी या बल के उपयोग के विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास, और नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। जो सभी हिंद-प्रशांत क्षेत्र और दुनिया की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए जरूरी है।

क्वाड, इस क्षेत्र और उसके बाहर इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक रूप से एक साथ कार्य करना जारी रखेगा। इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन जहां रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन पर बरसे तो ऑस्ट्रेलियाई के नए पीएम एंथनी अल्बानीज ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने पर बात की। उन्होंने कहा कि हम इस बात को स्वीकार करते हुए कार्य करेंगे कि प्रशांत महासागर के द्वीप राष्ट्रों के लिए जलवायु परिवर्तन मुख्य आर्थिक और सुरक्षा चुनौती है। मेरी सरकार 2030 तक उत्सर्जन में 43फीसदी की कमी करने का एक नया लक्ष्य निर्धारित करेगी और 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लिए ट्रैक पर लाएगी।

उन्होंने कहा कि जैसा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र ने नया आकार दिया है, क्वाड साझेदारी की अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। इस क्षेत्र में खासा ध्यान देने की जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी क्वाड नेताओं के बीच वार्ता हुई। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि पुतिन एक संस्कृति को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। यह केवल यूरोप का मुद्दा नहीं है बल्कि वैश्विक मुद्दा है।

# अमेरिका में कोरोना का कहर जारी, सप्ताह में एक लाख से ज्यादा बच्चे संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोरोना पॉजिटिव बच्चों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अमेरिकन एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) और चिल्ड्रन हास्पिटल एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि अमेरिका में बीते के सप्ताह में 107,000 से ज्यादा बच्चे कोरोना पॉजिटिव हो गए। अमेरिकन एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) और चिल्ड्रन हास्पिटल एसोसिएशन की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। क्योंकि अमेरिका में बच्चों के कोरोना पॉजिटिव मामलों में लगातार छटी बार वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, जब से देश में कोरोना ने कहर बरपाना शुरू किया है तब से करीब 1.3 करोड़ बच्चों का कोरोना टेस्ट किया गया है। जिनमें से बीते चार सप्ताह में करीब 316,000 बच्चों का टेस्ट पॉजिटिव आया है।

वैक्सीनमेकर कंपनी फाइजर ने दावा किया है कि उनके द्वारा तैयार की गई वैक्सीन की तीन खुराक बच्चों को सुरक्षा प्रदान करेंगी। अमेरिका में कोरोना के बढ़ते मामले देखते हुए लोग अपने बच्चों को दल्द से दल्द वैक्सीन दिलवाना चाहते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने सोमवार को बताया कि पांच से कम उम्र के नन्हें बच्चों को कोरोना वैक्सीन फाइजर की तीन खुराक देना जरूरी है। इससे उन्हें सुरक्षा प्रदान होगी। एक ट्रायल में भी यह बात सामने आई है। जिसमें पांच साल से कम उम्र के बच्चों को तीन खुराक दी। जिसके बाद कमाल हो गया। बच्चों में वायरस से लड़ने एंटीबॉडी आ गई। फाइजर इस सप्ताह के बाद अमेरिकी नियामकों डेटा देने की तैयारी में है। जानकारी के मुताबिक, अमेरिका में फिलहाल पांच साल से कम उम्रे के 18 मिलियन ऐसे बच्चे हैं जिन्हें वैक्सीन लगाई जा सकती है। पिछले साल नवंबर में 5 से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर की कोरोना वैक्सीन आई थी। तब से अब तक 30 फीसद के करीब ही वैक्सीन लगाई गई है। फाइजर ने पहले कहा था कि 6 माह से चार साल के बच्चों को कोरोना के कहर से बचाने के लिए वैक्सीन का दसवां हिस्सा देना है। लेकिन जब बाद में ट्रायल किया तो सामने आया कि बच्चों को वैक्सीन की दो खुराक के बजाय तीन खुराक देना जरूरी है। ट्रायल में करीब 1,600 युवाओं को शामिल किया गया था। इसमें आने वाले बच्चों की उम्र 6 माह से चार साल तक थी।

## मैक्सिको में देर रात दो बार में हुई गोलीबारी, 11 लोगों की हुई मौत

**मैक्सिको।** मैक्सिको में एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। यहां के दो बार में सोमवार देर रात दो ड्रग कार्टेल के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें आठ महिलाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेलाया शहर की पुलिस ने इस बारे में बताया कि हमले देर रात एक ही सड़क पर दो बार में हुए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में से 10 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक को बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मौके पर मिले हस्तलिखति संदेशों का मुआयना करने से पता चला है कि ये घटना दो ड्रग कार्टेल के बीच प्रतिद्वंद्विता के कारण हुई है। दोनों ड्रग कार्टेल कई सालों से गुआनाजुआतो राज्य में अपने वर्चस्व के लिए आपस में लड़ रहे थे। पुलिस ने पुष्टि की कि संदेश घटनास्थल पर छोड़े गए थे, लेकिन सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों से पता चलता है कि हत्यारे सांता रोजा डी लीमा गिरोह के थे। उन्होंने अपने संदेशों में बार के मालिकों पर प्रतिद्वंद्वी जलिस्को कार्टेल का समर्थन करने का आरोप लगाया है।



## श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को किया गया वित्त मंत्री नियुक्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने बुधवार को देश का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति ने वित्त, आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय नीति मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। पांच बार प्रधानमंत्री रहे विक्रमसिंघे को श्रीलंका में पैदा हुए बड़े आर्थिक संकट के कारण उभरे राजनीतिक संकट के बाद 12 मई को फिर से नियुक्त किया गया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे का स्थान लिया, जिन्होंने आर्थिक संकट से निपटने के लिए एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार नियुक्त करने की अपने भाई की योजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने द्वीप के अन्य देशों के साथ संबंधों को फिर से स्थापित किया, संविधान में 21 संशोधनों के मसौदे के साथ संवैधानिक सुधार के लिए कदम उठाए, ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की और अंतरिम बजट की तैयारी कर रहे हैं। 225 सदस्यीय विधानसभा में विक्रमसिंघे के पास केवल अपनी एक सीट है। वह लचर अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के अपने तत्काल कार्य में समर्थन के लिए अन्य राजनीतिक दलों पर निर्भर हैं।




# पाकिस्तान में आतंकी हमले का खतरा, सिंध प्रांत में धारा 144 लागू

**कराची।** सिंध सरकार ने सिंध प्रांत में धारा 144 लागू करने का फैसला किया है। आतंकवादी हमला होने की संभावना को देखते हुए यह फैसला किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया है कि पूरे सिंध में धारा 144 लगाते हुए सभी प्रकार के सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कराची में बढ़ते आतंकी हमलों को देखते हुए सिंध सरकार ने यह कदम उठाया है। 20 दिन के लिए धारा 144 लगाई गई है। इस दौरान सभी रैलियां और सार्वजनिक कार्यक्रम प्रतिबंधित रहेंगे। अगर कोई इसका पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।



पिछले दो महीने से कराची में कई आतंकी हमले हुए हैं। 16 मई को कराची के बॉल्टन मार्केट के खादर इलाके में एक बम धमाका हुआ था। जिसमें एक की मौत हो गई थी और ग्यारह लोग घायल हो गए थे। 12 मई को भी इसी तरह का धमाका सदर इलाके में हुआ। जिसमें एक की मौत और 13 घायल हुए। कराची यूनिवर्सिटी के बाहर बलूची महिला द्वारा आत्मघाती विस्फोट किया गया। जिसमें तीन चीनी नागरिकों समेत चार लोगों की मौत हुई और अन्य चार लोग घायल हो गए थे।

# जब मोदी से मिलने पहुंच गए जापान के तीन पूर्व प्रधानमंत्री, शिंजो आबे के साथ दिखी खास दोस्ती

**इस्लामाबाद।** क्वाड सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान पहुंचे पीएम मोदी ने जापान के वर्तमान प्रधानमंत्री फुशियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले जापान के तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों से ... तरीकों पर भी चर्चा हुई।

**पीएम मोदी ने शिंजो आबे को दी शुभकामनाएं**

**पीएम मोदी ने भारत-जापान के बीच संबंधों को बढ़ाने के लिए योशिरो मोरी को दी शुभकामनाएं**



गौरतलब है कि योशिरो मोरी जापान-भारत संघ (जेआईए) के वर्तमान अध्यक्ष हैं। वहीं, शिंजो आबे शीघ्र ही इस भूमिका को संभालेंगे। पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को उनकी इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

जापान-भारत संघ की स्थापना 1903 में की गई थी। ये जापान के सबसे पुराने मैत्री संघों में से एक है। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भारत और जापान के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में मोरी के नेतृत्व में जेआईए द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

**पीएम मोदी ने योशीहिदे सुगा का अदा किया शुक्रिया**

योशीहिदे सुगा से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी पिछली बातचीत को याद किया। दोनों नेता सितंबर 2021 में वाशिंगटन डीसी में पहली बार व्यक्तिगत रूप से क्वाड लीडर्स समिट के मौके पर द्विपक्षीय बैठक में मिले थे।

**पीएम मोदी ने दूसरे इन-पर्सन क्वाड लीडर्स समिट में लिया भाग**

इससे पहले पीएम मोदी ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ टोक्यो में दूसरे इन-पर्सन क्वाड लीडर्स समिट में भाग लिया। क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को बनाए रखने के महत्व को दोहराया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तानी वायु सेना का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायु सेना का लड़ाकू विमान अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तेज धमाके के साथ लगी आग से विमान नष्ट हो गया, किन्तु विमान में सवार दोनों पायलट जान बचाकर निकलने में सफल हो गए। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले में वांडा शेर खान खेलनवाला क्षेत्र में बुधवार सुबह अचानक एक तेज धमाका सुना गया। लोग भाग कर वहां पहुंचे, जहां से धमाके की आवाज आ रही थी, तो पता चला कि पाकिस्तान वायु सेना का एक लड़ाकू जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर धू-धू कर जल रहा है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि लोगों को लगा कि विमान पायलट सुरक्षित नहीं बचे होंगे। बाद में पता चला कि मामूली रूस से जख्मी विमान के दोनों पायलट बचने में सफल हो गए हैं।

# सत्ताधारी गठबंधन में असंतोष के कारण शुरू हुई नए समीकरणों की चर्चा

**काठमान्डू।** नेपाल के राजनीतिक हलकों में स्थानीय चुनावों के बाद अब फिर इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि पांच दलों के राष्ट्रीय सत्ताधारी गठबंधन का अब क्या भविष्य है। गठबंधन में शामिल नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड सोशलिस्ट), जनता समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा ने आपसी तालमेल के साथ स्थानीय चुनावों में उतरने का एलान किया था। हालांकि तालमेल में खींचतान रही, इसके बावजूद मोटे तौर पर इन पांचों दलों ने साथ मिल कर चुनाव लड़ा।

स्थानीय चुनाव के नतीजों से जाहिर हुआ है कि गठबंधन का सबसे ज्यादा फायदा नेपाली कांग्रेस और माओइस्ट सेंटर को मिला। माओइस्ट सेंटर के बारे में पहले अनुमान लगाया गया था कि इन चुनावों में उसे काफी नुकसान होगा। लेकिन असल में स्थानीय चुनावों के बाद वह बड़ी ताकत बन कर उभरी है। जबकि यूनिफाइड सोशलिस्ट पार्टी का कमोबेश सफाया हो गया है। ये पार्टी कुल 19 स्थानीय इकाइयों में ही बढ़त बना पाई। बाकी दो पार्टियां भी कोई असर दिखा पाने में नाकाम रहीं।

**गठबंधन से नहीं मिला फायदा**

जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि उनकी पार्टी को गठबंधन से कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा- 'जहां हम अकेले लड़े, वहां हमारा प्रदर्शन बेहतर रहा। जहां हम गठबंधन के रूप में लड़े, उनमें से ज्यादातर जगहों पर हम हार गए।' हालांकि यादव ने यह भी कहा है कि इन नतीजों के बावजूद राष्ट्रीय गठबंधन संभवतया कायम रहेगा। उन्होंने कहा- 'अब गलतियां सुधारी जानी चाहिए। ज्यादातर जगहों पर नेपाली कांग्रेस ने अपने वोट दूसरे दलों को ट्रांसफर नहीं किए। इसका असर चुनाव नतीजों पर पड़ा।'





नेपाल में स्थानीय चुनावों के लिए मतदान 13 मई को हुआ था। उसके चार दिन बाद यूनिफाइड सोशलिस्ट पार्टी के नेता माधव कुमार नेपाल ने अपनी पार्टी के खराब प्रदर्शन को लेकर खुलेआम असंतोष जताया था। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी को गठबंधन में शामिल दूसरे दलों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। अब पार्टी के महासचिव बेदुराम भुसाल ने कहा है- 'अब हम नतीजों की समीक्षा करेंगे और उसके बाद पार्टी की अगली रणनीति के बारे में निर्णय लेंगे। इस दौरान यह भी तय किया जाएगा कि मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन के प्रति हमारा क्या रुख हो।' अखबार काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक माओइस्ट सेंटर पार्टी में भी इस बात को लेकर असंतोष है कि जहां उनकी पार्टी ने अपने वोट गठबंधन सहयोगियों को ट्रांसफर कराए, वहीं नेपाली कांग्रेस ने ऐसा नही किया। पार्टी की सेंट्रल कमेटी के सदस्य हरिबोल गुजारेल ने कहा है- 'कुछ जगहों पर ऐसा लगा कि गठबंधन कारगर हुआ है। लेकिन ज्यादातर जगहों पर हमें नेपाली कांग्रेस के वोट नहीं मिले।'